राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 349
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 11 नवंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 ग्रेटर नोएडा में एमएमएलएच के लिए ग्लोबल टेंडर जारी
पेज 4 दिल्ली में विस्फोट, यूपी में हाई अलर्ट
पेज 6 'हम अभी उस स्थिति में नहीं हैं' : आगामी टी20 विश्व कप पर

## संक्षिप्त खबरें

### पटना में छत गिरी, परिवार के 5 लोगों की मौत

**दानापुर, पटना।** पटना से सटे दानापुर में मकान की छत गिरने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई है। घटना रविवार देर रात की मानस नया पानापुर गांव की है। यह गांव सारण और पटना की सीमा से सटे दियारा क्षेत्र में है। मकान की छत गिरने से मोहम्मद बबलू (35), उनकी पत्नी रोशन खातून(30), उनकी बेटी रुसार(12), बेटा मो. चांद(10) और बेटी चांदनी(2) की मौत हो गई है। घर पर पूरा मलबा बिखरा पड़ा है। ईंट, टूटी दीवारों के नीचे बच्चे का स्कूल बैग और कुछ कपड़े, पंखा दबा दिख रहा है। कुछ ईंटों पर खून भी लगा है। पास ही कड़ाही, गैस चूल्हा और किचन के दूसरे बर्तन दबे पड़े हैं।

### वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वोट चोरी के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान को पार्टी की कर्नाटक इकाई ने गति देते हुए एक करोड़ 12 लाख से अधिक लोगों के हस्ताक्षर पत्र कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंप दिया। कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष सूबे के डिप्टी सीएम कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने इस मौके पर दावा किया कि महाराष्ट्र, हरियाणा, कर्नाटक के बाद अब बिहार में वोट चोरी की शिकायतें आ रही हैं। बड़ी संख्या में प्रवासी लोगों को मतदाता सूची से हटाए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने बिहार के मतदाताओं के साथ न्याय नहीं किया है।







# दिल्ली में लाल किले के पास कार में धमाका : 9 की मौत, 24 घायल

### हरियाणा के सलमान ने पुलवामा के तारिक को बेची थी कार


नई दिल्ली। दिल्ली में लाल किले के पास चलती कार में शाम 6.52 बजे जोरदार धमाका हुआ। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि आसपास खड़ी गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। धमाके में 9 लोगों की मौत हो गई और 24 लोग घायल हो गए।

धमाके में 11 लोगों की मौत की खबर आई, लेकिन घटना के 3 घंटे बाद गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 8 मौतें हुई हैं। इसके बाद अस्पताल से जारी सूची में 9 मौतों की जानकारी दी गई।

गृह मंत्री शाह ने बताया- एक आई-20 कार के पिछले हिस्से में धमाका हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कार हरियाणा के गुरुग्राम में सलमान के नाम पर रजिस्टर्ड थी।

पुलिस ने सलमान को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

सलमान ने इसे पुलवामा के तारिक को बेची थी। दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा ने बताया कि ब्लास्ट फोर्ट मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास हुआ।







### शाह अस्पताल और घटनास्थल पहुंचे

घटना के बाद शाह एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे। वे कुछ देर में घटनास्थल भी पहुंचे। इधर, पुलिस ने इलाके को घेर लिया है। फॉरेंसिक टीम पहुंच गई।

आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। एनआईए और एनएसजी को भी घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है।

इससे पहले पीएम मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह से बात करके घटना की जानकारी ली थी। धमाके के बाद दिल्ली समेत मुंबई, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

### दिल्ली पुलिस ने यूएपीए के तहत केस दर्ज किया

लाल किला मेट्रो ब्लास्ट मामले में दिल्ली पुलिस ने यूएपीए(गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून) की धारा 16 और 18, विस्फोटक अधिनियम और बीएनएस की धाराओं के तहत कोतवाली थाने में केस दर्ज किया है।

### ब्लास्ट वाली गाड़ी 3 घंटे पहले पार्क हुई थी

दिल्ली पुलिस के सोर्स के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि लाल किला मेट्रो स्टेशन पर विस्फोट वाली कार आई 20 ब्लास्ट से तीन घंटे पहले दोपहर 3: 19 बजे से शाम 6: 48 बजे तक पार्क की गई थी।

पुलिस फुटेज की जांच कर रही है ताकि पता लगाया जा सके कि गाड़ी किसने पार्क की और वापस ली।

### छत्तीसगढ़ में हाई अलर्ट

दिल्ली में लाल किले के पास कार में हुए धमाके से 8 लोगों की मौत हो गई है। ब्लास्ट के बाद छत्तीसगढ़ में भी हाई अलर्ट जारी किया गया है। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मॉल समेत भीड़ वाली जगहों पर जांच की जा रही है। वहीं रायपुर में भी पुलिस चेकिंग अभियान चला रही है। अधिकारी रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, हाईकोर्ट, बस स्टैंड, होटल-प्रतिष्ठानों सहित भीड़भाड़ वाले इलाकों में फुट पेट्रोलिंग करते हुए संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी रख रहे हैं।

### राजस्थान में हाई अलर्ट

दिल्ली में लाल किले के पास कार में जोरदार धमाके के बाद राजस्थान में भी हाई अलर्ट है। सभी भीड़भाड़ वाली जगहों पर चेकिंग की गई। अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह के बाहर आरएसी के जवान तैनात किए गए। एटीएस के आईजी विकास कुमार ने बताया- राजस्थान में भी हाई अलर्ट जारी किया गया। इसके बाद सभी एजेंसियां अपने-अपने टास्क को लेकर जुट गई। पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, एयरपोर्ट पर चेकिंग के निर्देश दिए गए।

### दिल्ली में ब्लास्ट के बाद बिहार में हाई अलर्ट

दिल्ली में लाल किले के पास कार में हुए धमाके के बाद बिहार में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। नेपाल से जुड़े 7 जिलों में सबसे ज्यादा चेकिंग की जा रही है। सभी शहरों में बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और बाहरी राज्यों से आने वाली गाड़ियों की चेकिंग की जा रही है। पटना, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, गयाजी में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सुरक्षा बढ़ा दी गई। सुरक्षा के मद्देनजर बिहार पुलिस की ओर से गाइडलाइन भी जारी किया है, जिसमें, धार्मिक स्थानों, रेलवे स्टेशनों के साथ-साथ भीड़-भाड़ वाले इलाकों मेम सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

### एमपी में हाई अलर्ट

दिल्ली में लाल किला मैदान के बाहर हुए कार में विस्फोट की घटना के बाद मध्यप्रदेश में भी अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर समेत कई शहरों में पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। डीजीपी कैलाश मकवाना ने सभी एसपी और आईजी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की। डीजीपी ने सतर्कता बरतने और संदिग्धों पर नजर रखने और चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए।

# आतंकी कनेक्शन में यूपी-हरियाणा से 3 डॉक्टर अरेस्ट





### लखनऊ से महिला डॉक्टर गिरफ्तार, उसकी कार से एके 47 राइफल मिली

**जेएंडके /फरीदाबाद।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हरियाणा के फरीदाबाद से लखनऊ तक अभियान चलाकर 2900किलो विस्फोटक (संदिग्ध अमोनियम नाइट्रेट) जब्त किया है। इस कार्रवाई में फरीदाबाद से डॉक्टर मुजम्मिल शकील और लखनऊ से महिला डॉक्टर शाहीन शाहिद को गिरफ्तार किया गया है।

मुजम्मिल शकील के कमरे से रविवार को 360 किलो विस्फोटक और असाल्ट राइफल पकड़ी गई। सोमवार को शाहीन की कार से कश्मीर में एके-47 राइफल और जिंदा कारतूस और अन्य संदिग्ध सामग्री जब्त की गई है।

डॉक्टर मुजम्मिल फरीदाबाद की अलफलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाता था। यह पुलवामा के कोइल का रहने वाला है। डॉक्टर शाहीन उसकी गर्लफ्रेंड है। मुजम्मिल, डॉक्टर शाहीन की कार इस्तेमाल करता था। उसने फरीदाबाद के धौज गांव में 3 महीने पहले किराए पर कमरा लिया था। वह यहां रहता नहीं था, केवल सामान रखने के लिए कमरा लिया था।

इससे पहले 7 नवंबर को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सहारनपुर (यूपी) से डॉ. आदिल अहमद को गिरफ्तार किया था। वह अनंतनाग का रहने वाला है। आदिल अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रैक्टिस करता था। उसने 2024 में वहां से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद वह सहारनपुर में प्रैक्टिस करने लगा।

जम्मू कश्मीर पुलिस ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आतंकियों के कब्जे से अब तक कुल 2900 किलो आईईडी बनाने की सामग्री बरामद की गई है। यह मॉड्यूल जैश-ए-मोहम्मद और अंसर गजवात-उल-हिंद जैसे प्रतिबंधित संगठनों से जुड़ा हुआ था।

पुलिस ने बताया कि ये आरोपी विदेशी हैंडलर्स के निर्देश पर काम करते थे और सोशल मीडिया व एन्क्रिप्टेड चैनलों के जरिए आतंकी गतिविधियों को अंजाम देते थे।

### एके-47 लेकर चलने वाली लखनऊ की महिला डॉक्टर अरेस्ट

लखनऊ की महिला डॉक्टर शाहीन शाहिद को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है। शाहीन एके-47 लेकर चलती थी, जो उसकी कार से बरामद हुई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस उसे अपने साथ लेकर चली गई है। डॉक्टर शाहीन शाहिद लखनऊ में लालबाग की रहने वाली है। वह फरीदाबाद आतंकी साजिश में गिरफ्तार डॉक्टर मुजम्मिल शकील की सहयोगी और गर्लफ्रेंड थी। मुजम्मिल, डॉक्टर शाहीन की कार इस्तेमाल करता था। शाहीन की कार से एके-47 राइफल, जिंदा कारतूस और अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद हुई हैं। शाहीन पर पाकिस्तान बेस्ड आतंकी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े होने के आरोप हैं। आईजी लॉ एंड ऑर्डर एलआर कुमार का कहना है कि शाहीना के बारे में जम्मू-कश्मीर पुलिस से जानकारी जुटाई जा रही है। जांच में सामने आया कि डॉक्टर शाहीन शाहिद का संपर्क कई संदिग्ध नेटवर्क से था, जिनकी डोर पाकिस्तान में बैठे आतंकियों से जुड़ी हुई है।

### तिरुपति लड्डू विवाद : उत्तराखंड की कंपनी ने 68 लाख किलो मिलावटी घी-मक्खन सप्लाई किया, 250 करोड़ कमाए

**नई दिल्ली।** तिरुमला तिरुपति देवस्थानम में मिलावटी प्रसाद मामले में नया खुलासा हुआ है। मंदिर में घी सप्लाई करने वाली उत्तराखंड की डेयरी ने 2019 से 2024 के बीच 250 करोड़ कीमत का 68 लाख किलो मिलावटी घी सप्लाई किया था। सीबीआई और आंध्र प्रदेश फूड सेफ्टी विभाग की जांच में इसका खुलासा हुआ है। जांच के मुताबिक कंपनी के डेयरी वाले सभी डॉक्यूमेंट्स फर्जी हैं। इस कंपनी ने कभी भी न दूध खरीदा और न कभी मक्खन खरीदा फिर भी ये घी-मक्खन सप्लाई करती रही। कंपनी के मालिक पम्मिल जैन और विपिन जैन ने घी प्रोडक्शन की फर्जी यूनिट बनाई थी। दूध-मक्खन खरीद के नकली बिल बनाए। मामले में एक और आरोपी अजय कुमार सुगंध ने भी पूछताछ में माना कि वह मोनोडिग्लिसराइड्स और एसेटिक एसिड एस्टर जैसे केमिकल सप्लाई करता था, जो मिलावटी घी बनाने में इस्तेमाल होते हैं। टीटीडी ने 2022 में शिकायतों के बाद भोले बाबा डेयरी को ब्लैकलिस्ट किया था।

# चंडीगढ़ पीयू में स्टूडेंट्स का प्रदर्शन



### गेट तोड़ यूनिवर्सिटी में घुसे, पुलिस ने लाठीचार्ज किया; किसानों ने बैरिकेड तोड़ा, कैंपस में पक्का मोर्चा लगाया

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्थित पंजाब यूनिवर्सिटी में सीनेट इलेक्शन की तारीख अनाउंस करने की मांग को लेकर सोमवार को बवाल हुआ। किसानों ने स्टूडेंट्स के साथ मिलकर मोहाली-चंडीगढ़ बॉर्डर आने-जाने वाली सारी सड़कें जाम कर दीं। इस वजह से बच्चों को स्कूल से लाने वाले पेरेंट्स भी फंस गए।

स्टूडेंट्स ने पुलिस से धक्कामुक्की के बाद पीजीआई के सामने गेट नंबर 1 को तोड़ दिया।

हालांकि उन्हें रोकने के लिए चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर गेट पर चढ़ीं। लेकिन स्टूडेंट्स नहीं माने। इसके बाद पुलिस ने बैरिकेडिंग तोड़ने वाले प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया।

इससे पहले स्टूडेंट्स इसी गेट को तोड़कर अंदर घुसे थे। जिस दौरान उनकी पुलिस से धक्कामुक्की हुई थी। हालांकि इसके बाद 1 नंबर गेट पूरी तरह खोल दिया गया। स्टूडेंट्स और प्रदर्शनकारी यहां से यूनिवर्सिटी के भीतर दाखिल हो हुए, जिनमें निहंग भी शामिल थे।

उधर, मोहाली-चंडीगढ़ बॉर्डर पर फेज 6 में किसानों ने पुलिस के बैरिकेड तोड़ दिए। इसके बाद वह पीयू में पहुंचे। पुलिस ने पहले उन्हें रोकने की कोशिश की थी। लेकिन कामयाब नहीं हो पाए।

किसान नेता बलवीर राजेवाल ने कहा कि मोहाली में हरियाणा पुलिस लगाई गई थी। चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस की बस खड़ी है।



## हैप्पी मॉर्निंग

साली- अगर मैं खो गई तो आप क्या करोगे? जीजा- मैं अखबार में इश्तिहार दूंगा। साली- तुम कितने अच्छे हो, क्या लिखोगे ? जीजा- जिसको मिले उसे पहुंचा दे और उसकी बहन को ले जाए साली ने यही बात दीदी को बता दी और फिर हुई धुनाई




## शायरी

क्या मोल लग रहा है शहीदों के खून का
मरते थे जिन पे हम वो सज़ा-याब क्या हुए

## अर्थसार

सेंसेक्स:
83,535.35
+319.07 (0.38%)
निफ्टी:
25,574.35
+82.05



## मौसम



अधिकतम : 26 डिग्री से0
न्यूनतम : 11 डिग्री से0
सूर्योदय बुधवार : 6 : 42
सूर्यास्त मंगलवार : 5 : 43

# एमपी-छत्तीसगढ़ और झारखंड में 3 दिन कोल्डवेव का अलर्ट

- हिमाचल का ताबो सबसे ठंडा, पारा माइनस 5.3; गुजरात के 6 शहरों में तापमान 16 से नीचे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्य जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बर्फबारी के बाद तापमान लगातार गिरता जा रहा है। इसका असर मध्य प्रदेश समेत दूसरे मैदानी राज्यों में दिख रहा है।

मौसम विभाग ने पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड में अगले 3 दिन कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया है।

हिमाचल प्रदेश में लगातार ठंड बढ़ती जा रही है। ताबो समेत प्रदेश के तीन शहरों का तापमान माइनस में दर्ज किया गया है।

वहीं 8 जिलों में तापमान 5 डिग्री से नीचे और 21 शहरों का पारा 10 से नीचे पहुंच गया है।

उत्तर से शुष्क और ठंडी हवा गुजरात की ओर पहुंच रही है। सूरत में 10 साल में पहली बार 10 नवंबर से पहले सर्दी का असर दिखने लगा है। रात का पारा 17 के नीचे पहुंच गया है।

नलिया, गांधीनगर, अहमदाबाद, राजकोट और दीसा समेत 6 शहरों में न्यूनतम तापमान 16 से नीचे दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान 14ए वडोदरा में रहा।

जमीन घोटाला

### डिप्टी सीएम अजित पवार का बेटा जांच के घेरे में, विपक्ष बोला सौदा सरकारी मंजूरी के बिना हुआ

# पुणे : 1800 करोड़ की जमीन 300 करोड़ में खरीदी

**पुणे।** पुणे में मुंडवा की 40 एकड़ सरकारी जमीन की विवादित बिक्री को लेकर अजीत पवार के बेटे पार्थ पवार की फर्म अमाडिया एंटरप्राइजेज जांच के घेरे में है। सस्पेंड तहसीलदार ने भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण को जमीन खाली करने का नोटिस दिया। जिला कलेक्टर ने इस नोटिस को अवैध बताया और पूरी प्रक्रिया रोक दी। जांच में कई गंभीर गड़बड़ियां सामने आई हैं, जिसने इस जमीन सौदे को और भी विवादों में घेर दिया है।

### क्या है मामला

महाराष्ट्र के पुणे स्थित मुंडवा इलाके की 40 एकड़ जमीन महार वतन की जमीन है, यानी यह पहले अनुसूचित जाति के महार (एससी) समुदाय की जमीन हैं। साल 1973 में सरकार ने यह जमीन भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण (बीएसआई) को 15 साल के लिए लीज पर दे दी। फिर 1988 में लीज बढ़ाकर 50 साल कर दी गई। बीएसआई हर साल सिर्फ 1 रुपए किराया देकर यहां अपना रिसर्च और दफ्तर का काम करता रहा। सरकारी कागजों में इस जमीन का मालिकाना हक आज भी सरकार के नाम ही दर्ज है।

लेकिन इस साल 20 मई को 272 मूल जमीन मालिकों की ओर से पावर ऑफ अटॉर्नी रखने वाली शीतल



तेजवानी ने यह जमीन अमाडिया एंटरप्राइजेज एलएलपी को लगभग 300 करोड़ रुपए में बेच दी। अमाडिया में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार बहुसंख्यक साझेदार हैं। विपक्ष का आरोप है कि जमीन का बाजार मूल्य करीब 1800 करोड़ रुपए है और सौदा जरूरी सरकारी मंजूरी के बिना किया गया। सिर्फ छह दिन बाद अमाडिया ने तत्कालीन तहसीलदार सूर्यकांत येओले से जमीन खाली कराने का अनुरोध किया। इसके बाद 9 जून को येओले ने बीएसआई को नोटिस भेजते हुए दावा किया कि ओक्यूपेंसी फीस (अधिभोग शुल्क) जमा कर दी है और इसलिए बीएसआई की लीज खत्म हो चुकी है।

### कलेक्टर ने बताया नोटिस अवैध, सभी कार्रवाई रोकी

बेदखली नोटिस पाकर बीएसआई की टीम पुणे के जिला कलेक्टर जितेंद्र डूडी से मिली। जांच के बाद कलेक्टर ने पाया कि पूरे नोटिस की प्रक्रिया गलत थी।

न तो जमीन मालिकों ने ओक्यूपेंसी फीस जमा होने का कोई सबूत था, ना ही सरकारी जमीन वापस देने की तय प्रक्रिया का पालन किया गया था। कलेक्टर ने कहा कि तहसीलदार ने जमीन मालिकों के दावे को बिना जांच सीधे स्वीकार कर लिया, जबकि जमीन सरकारी रिकॉर्ड में अब भी सरकार के नाम दर्ज थी। कलेक्टर ने तुरंत बेदखली प्रक्रिया रुकवाई और पूरा मामला जांच के लिए भेज दिया। बाद में तहसीलदार येओले को एक अन्य जमीन मामले में निलंबित कर दिया गया।

# संपादकीय

## फिर दहली दिल्ली : राजधानी की सुरक्षा पर सवाल



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

दिल्ली, भारत की राजधानी, एक बार फिर दहशत की चपेट में है। 10 नवंबर 2025 की शाम, जब शहर की चहल-पहल अपने चरम पर थी, लाल किले मेट्रो स्टेशन के पास एक कार में हुए जोरदार धमाके ने सबको स्तब्ध कर दिया। आठ लोगों की मौत, दर्जनों घायल—यह घटना न केवल एक त्रासदी है, बल्कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था पर करारा प्रहार। लाल किला, जो ऐतिहासिक महत्व का प्रतीक है, वहां के आसपास का इलाका अति-सुरक्षित माना जाता है। फिर भी, यह धमाका कैसे हो गया? क्या हमारी राजधानी वाकई सुरक्षित है? ये सवाल आज हर नागरिक के मन में कौंध रहे हैं।

### घटना का विवरण : धमाके की भयावहता

सोमवार की शाम करीब 6 : 55 बजे, पुरानी दिल्ली की गलियों में विस्फोट की गूंज फैल गई। लाल किले मेट्रो स्टेशन के बाहर खड़ी एक कार में विस्फोट हुआ, जिसकी तीव्रता इतनी थी कि तीन किलोमीटर के दायरे में धमक महसूस की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार के परखच्चे उड़ गए, और आसपास के दुकानों व वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा। घायलों को तुरंत एलएनजेपी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि कई की हालत गंभीर है। दिल्ली पुलिस, एनएसजी और बम डिस्पोजल स्क्वायड ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। प्रारंभिक रिपोर्ट्स में इसे संदिग्ध आतंकी हमला माना जा रहा है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई।

यह घटना 2023 के संसद सुरक्षा उल्लंघन की याद दिलाती है, जब दो लोग लोकसभा में घुसकर धुआं छोड़ने वाले कनस्तर फोड़े थे। लेकिन इस बार लक्ष्य नागरिक इलाका था, जो और भी चिंताजनक है। अमेरिकी दूतावास ने तत्काल अलर्ट जारी किया, जिसमें नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हलचल मच गई, क्योंकि दिल्ली वैश्विक राजनयिक केंद्र है।

### सुरक्षा उल्लंघनों की श्रृंखला

यह पहली घटना नहीं है। 2025 में दिल्ली की सुरक्षा पर सवालों की बाढ़ आ गई है। अक्टूबर में इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक ब्रिटिश नागरिक ने इमिग्रेशन चेक बिना किए भाग निकला। फिट्ज पैट्रिक नामक यह व्यक्ति बैंकॉक से आया था और शहर में गायब हो गया। दिल्ली पुलिस ने शिकायत दर्ज की, लेकिन ट्रैकिंग में विफल रही। इसी महीने, एयरपोर्ट पर जीपीएस स्पूफिंग की घटनाएं सामने आईं, जहां विमानों की नेविगेशन सिस्टम हैक हो गईं। केंद्र सरकार ने लोकसभा में बताया कि नवंबर 2023 से फरवरी 2025 तक भारत-पाक सीमा पर 465 ऐसी घटनाएं हुईं। ये स्पूफिंग हमले एयरक्राफ्ट को गुमराह कर सकते हैं, जो हवाई सुरक्षा के लिए घातक है।

साइबर क्षेत्र में भी चूकें उजागर हुईं। दिल्ली पुलिस की वेबसाइट पर 15 महीनों में छठा साइबर हमला हुआ। हैकर्स ने डेटा चुराने का दावा किया। स्वास्थ्य क्षेत्र में एम्स पर रैनसमवेयर हमला, और आईसीएमआर के कोविड डेटा का डार्क वेब पर बिकना—ये सब राजधानी की डिजिटल सुरक्षा की पोल खोलते हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में दिल्ली तीसरे साल सबसे असुरक्षित शहर बनी। एनसीआरबी रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में साइबर क्राइम दोगुने हो गए।

### क्यों फेल हो रही सुरक्षा?

राजधानी होने के बावजूद दिल्ली की सुरक्षा में कई खामियां हैं। पहला, खुफिया तंत्र की कमजोरी। लाल किले जैसे संवेदनशील इलाके में वाहन चेकिंग क्यों ढीली पड़ी? एक्स पर यूजर्स पूछ रहे हैं कि प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और एनएसए बिहार चुनाव में व्यस्त थे, सुरक्षा की अनदेखी हुई। दूसरा, संसाधनों की कमी। दिल्ली पुलिस के पास 1.8 लाख अपराध दर्ज हैं, लेकिन स्टाफ की कमी। तीसरा, समन्वय का अभाव। केंद्र, राज्य और एजेंसियों के बीच टकराव। संसद उल्लंघन के बाद भी सुधार नहीं। चौथा, साइबर थ्रेट्स। 2025 में भारत पर रैनसमवेयर और स्पूफिंग के हमले बढ़े, लेकिन CERT-In की क्षमता सीमित। राजनीतिकरण भी समस्या है। विपक्ष केंद्र पर दोषारोपण कर रहा, जबकि भाजपा राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहरा रही। लेकिन सच्चाई यह है कि सुरक्षा सभी की साझा जिम्मेदारी है।

### स्वास्थ्य और सामाजिक असर

धमाके से न केवल जानें गईं, बल्कि शहर का मनोबल टूटा। घायलों में बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। अस्पतालों में अफरा-तफरी मची। लंबे समय में, यह घटना आर्थिक नुकसान भी पहुंचाएगी—पर्यटन प्रभावित, व्यापार ठप। महिलाओं और बच्चों पर असर ज्यादा, क्योंकि दिल्ली पहले से असुरक्षित महसूस करती हैं।

### समाधान के रास्ते

**सुरक्षा मजबूत करने के लिए तत्काल कदम जरूरी :**
**खुफिया साझा करना :** एजेंसियों के बीच रीयल-टाइम इंटेलिजेंस शेयरिंग।
**तकनीकी अपग्रेड :** सीसीटीवी, एआई-बेस्ड सर्विलांस और जीपीएस सिक्योरिटी बढ़ाएं।
**ट्रेनिंग और स्टाफ :** पुलिस को आधुनिक ट्रेनिंग, साइबर यूनिट्स मजबूत।
**समन्वय समिति :** केंद्र-राज्य स्तर पर संयुक्त टास्क फोर्स।
**जन जागरूकता :** नागरिकों को सतर्कता सिखाएं, साइबर सिक्योरिटी कैंपेन।
**कानूनी सख्ती :** उल्लंघनों पर त्वरित कार्रवाई, संसद सुरक्षा कानून में संशोधन।

### अंतिम विचार

फिर दहली दिल्ली, लेकिन यह दर्द हमें जागृत करे। लाल किले का धमाका सिर्फ एक विस्फोट नहीं, बल्कि चेतावनी है। अगर हमने अब सुधार नहीं किया, तो राजधानी की सुरक्षा का सपना अधूरा रहेगा। नेताओं से ऊपर राष्ट्र पहले। शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना, और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना। दिल्ली सुरक्षित हो, यही हमारी मांग है।




राष्ट्रीय शिक्षा दिवस-11 नवम्बर, 2025

# नियुक्ति ही नहीं, मुक्ति देने वाली शिक्षा की जरूरत

-ललित गर्ग-




हर वर्ष 11 नवंबर को हम राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाते हैं। यह दिन केवल औपचारिक उत्सव का नहीं बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि शिक्षा केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का माध्यम नहीं बल्कि राष्ट्र के चरित्र, संस्कृति और सृजनशीलता का आधार है। यह दिवस स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय एकता का सबसे सशक्त माध्यम माना। वे न केवल एक प्रखर राष्ट्रनायक थे बल्कि एक दूरदर्शी विचारक भी थे जिन्होंने कहा था कि शिक्षा वह शेरनी है, जिसके दूध को पीने के लिए साहस चाहिए। मौलाना आज़ाद का मानना था कि भारत की शिक्षा पद्धति ऐसी हो जो हर वर्ग, हर समुदाय, हर व्यक्ति को अवसर दे। उन्होंने प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक सबके लिए समान अवसर की बात कही। उनका सपना था कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम न रहकर जीवन को दिशा देने वाली प्रक्रिया बने। आज जब हम उनके विचारों की ओर देखते हैं तो यह महसूस होता है कि हमारी शिक्षा प्रणाली ने तकनीकी रूप से प्रगति की है, लेकिन मानवीय दृष्टि और मूल्य शिक्षा में कमी आई है। हमारी शिक्षा शांतिप्रिय, अहिंसक एवं सर्वांगीण विकसित बनाने की बजाय हिंसक, बीमार एवं अशांत बना रही है।

आज भारत की शिक्षा व्यवस्था में अनेक विसंगतियां हैं। शिक्षा आज ज्ञान की जगह अंक और प्रमाणपत्र की होड़ बन चुकी है। विद्यार्थी रट्टा मारने की मशीन बनते जा रहे हैं, सोचने और सृजन करने की क्षमता कुंठित हो रही है। शिक्षा में नैतिकता, सह-अस्तित्व, करुणा और अहिंसा जैसे मूल्य गौण हो गए हैं। समाज में शिक्षक की प्रतिष्ठा घटती जा रही है, वे अब प्रेरणा के स्रोत की बजाय 'सिलेबस पूरा करने' वाले कर्मचारी बनते जा रहे हैं। शहरी और ग्रामीण शिक्षा में गहरी असमानता है, शहरों में अत्याधुनिक विद्यालय हैं तो गाँवों में अब भी शिक्षा सुविधाओं का अभाव है। देश में लाखों एकल शिक्षक विद्यालय है। डिग्रियाँ बढ़ रही हैं पर रोजगार घट रहे हैं, शिक्षा और जीवन की आवश्यकताओं में असंतुलन बढ़ता जा रहा है। इन विसंगतियों को दूर करना ही राष्ट्रीय शिक्षा दिवस की वास्तविक सार्थकता है। आज का विद्यार्थी बचपन से ही एक ऐसी अंधी एवं प्रतिस्पर्धी दौड़ में धकेल दिया जाता है, जिसमें लक्ष्य अंक, ग्रेड, और रैंक बन गए हैं-ज्ञान, संवेदना और चरित्र नहीं। स्कूल अब शिक्षालय नहीं, बल्कि परीक्षा-केंद्र यानी गलाकाट प्रतियोगिता के केन्द्र बन चुके हैं। माता-पिता, शिक्षक और समाज-सभी ने मिलकर एक ऐसा माहौल बना दिया है, जहाँ सफलता का अर्थ केवल डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस या उच्च वेतन वाली नौकरी तक सीमित हो गया है। शिक्षा अब व्यक्ति के भीतर के मनुष्यत्व, रचनात्मकता और संवेदना को विकसित करने का माध्यम नहीं रही, बल्कि उसने जीवन को प्रदर्शन की प्रतियोगिता बना दिया है। छोटे बच्चों पर कोचिंग का बोझ, अभिभावकों की अपेक्षाएँ, और असफलता का भय?-ये तीन त्रिकोणीय दबाव उन्हें धीरे-धीरे मानसिक रूप से तोड़ देते हैं। शिक्षा अब एक बोझ और मानसिक तनाव का कारण बन गयी है।

भारत की शिक्षा प्रणाली को लेकर समय-समय पर प्रश्न खड़े होते रहे हैं। शिक्षा की विसंगतियों एवं दबावों के चलते भी अनेक सवाल खड़े हैं। इन्हीं से जुड़ा यह एक बेहद हृदय विदारक और चिंताजनक तथ्य है कि एक वर्ष में लगभग 14,000 स्कूली बच्चों ने आत्महत्या कर ली।

इस तथ्य की पुष्टि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ( एनसीआरबी ) भी कर रही है। अधिक घातक तथ्य यह है कि बीते एक दशक में छात्रों की आत्महत्या के मामलों में लगभग 65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2019 की तुलना में यह संख्या 34 प्रतिशत अधिक है। यह केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि उन मासूम सपनों की समाधियाँ हैं जिन्हें हमारी शिक्षा प्रणाली ने दम तोड़ने पर विवश कर दिया। यह स्थिति राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाते हुए किसी एक स्कूल, राज्य या केन्द्रसरकार के लिये ही नहीं, बल्कि आमजन के लिये विमर्श का विषय बनना चाहिए।

भारत की शिक्षा केवल बौद्धिक नहीं बल्कि समग्र विकास का माध्यम होनी चाहिए। प्राचीन भारत की गुरुकुल परंपरा में विद्यार्थी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक विकास पर समान बल दिया जाता था। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्ति नहीं बल्कि आत्म-ज्ञान, आत्म-नियंत्रण और समाज सेवा की भावना जगाना होता था। आज फिर उसी संतुलित दृष्टि की आवश्यकता है। भावात्मक शिक्षा का अर्थ है संवेदनशीलता का विकास।

एक विद्यार्थी जब दूसरे के दुःख को महसूस करना सीखता है तभी वह सच्चा नागरिक बनता है। मानसिक शिक्षा का अर्थ है एकाग्रता, अनुशासन और मानसिक दृढ़ता।

यह वह शक्ति है जो व्यक्ति को संकटों में भी स्थिर रखती है। बौद्धिक शिक्षा तर्क, विवेक और सृजनशीलता का विकास करती है। शारीरिक शिक्षा स्वस्थ तन के बिना स्वस्थ मन संभव नहीं होने का बोध कराती है, योग, खेल और व्यायाम को शिक्षा का अभिन्न भाग बनाना चाहिए। शैक्षणिक शिक्षा में ज्ञान और व्यावसायिक दक्षता दोनों का समन्वय होना चाहिए ताकि विद्यार्थी जीवनोपयोगी कौशल प्राप्त कर सके। इन सभी पक्षों का समन्वय ही सम्पूर्ण शिक्षा पद्धति कहलाता है।

भारत की शिक्षा पद्धति ऐसी होनी चाहिए जो परंपरा और आधुनिकता का संगम बने।


गांधीजी ने कहा था कि शिक्षा का मतलब है शरीर, मन और आत्मा का समान विकास। यही भारत की शिक्षा की आत्मा है। हमारी शिक्षा जीवन-केंद्रित हो, केवल नौकरी-केंद्रित नहीं। वह मूल्य-आधारित हो ताकि समाज में नैतिकता और मानवता बनी रहे। उसमें स्थानीय और वैश्विक दृष्टि का संगम हो ताकि विद्यार्थी अपनी जड़ों से जुड़ा रहे पर विश्व की नवीनतम तकनीक से भी परिचित हो। उसमें अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहन मिले ताकि भारत 'ज्ञान अर्थव्यवस्था' का नेतृत्व कर सके। वह समानता और समावेशिता को आधार बनाए चाहे वह भाषा, लिंग या वर्ग के स्तर पर क्यों न हो।

कोई भी शिक्षा प्रणाली उतनी ही सशक्त होती है जितना सशक्त उसका शिक्षक होता है। शिक्षक केवल पढ़ाने वाला नहीं बल्कि प्रेरक, निर्माता और मार्गदर्शक होता है। आज आवश्यकता है कि शिक्षकों को उचित सम्मान, प्रशिक्षण और आत्मसंतोष मिले। मौलाना आज़ाद ने कहा था कि अच्छे शिक्षक ही राष्ट्र की आत्मा हैं। शिक्षक को तकनीकी दक्षता के साथ-साथ भावनात्मक और नैतिक दृष्टि से भी सशक्त बनाना होगा। भारत की नई शिक्षा नीति 2020 ने शिक्षा में कई सुधारों का मार्ग प्रशस्त किया है। 5334 संरचना, मातृभाषा में शिक्षा, कौशल विकास और बहुविषयी अध्ययन जैसी अवधारणाएं स्वागतयोग्य हैं। लेकिन इन सुधारों का वास्तविक प्रभाव तभी पड़ेगा जब इन्हें जमीनी स्तर पर संवेदनशीलता और समर्पण से लागू किया जाए। भारत की शिक्षा का लक्ष्य केवल डिग्रियाँ बाँटना नहीं बल्कि विश्व को नैतिकता और आध्यात्मिकता की दिशा देना होना चाहिए। हमारे यहाँ शिक्षा का अर्थ रहा है- सा विद्या या विमुक्तये अर्थात् जो मुक्ति दे वही सच्ची विद्या है। आज शिक्षा का अर्थ हो गया है- सा विद्या या नियुक्तये यानी जो नौकरी दे वही सच्ची शिक्षा है। भारत यदि अपनी शिक्षा में विज्ञान के साथ विवेक, तकनीक के साथ नैतिकता और प्रतिस्पर्धा के साथ करुणा को जोड़ दे तो वह विश्व का मार्गदर्शक बन सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस हमें यह याद दिलाता है कि शिक्षा केवल आर्थिक विकास का नहीं बल्कि संस्कृति, चरित्र और चेतना के निर्माण का माध्यम है।

मौलाना आज़ाद के स्वप्न के अनुरूप यदि भारत की शिक्षा नीति में समानता, गुणवत्ता, मूल्य और आत्मा का समन्वय हो सके तो यह राष्ट्र फिर से विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर हो सकता है। शिक्षा का लक्ष्य केवल यह नहीं कि हम क्या बनें बल्कि यह भी कि हम किसके लिए बनें। शिक्षा यदि मनुष्य को संवेदनशील, आत्मनिष्ठ और समाजोपयोगी बना दे तो वही मौलाना आज़ाद की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3706




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 3705 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक पागलखाने में एक दर्शक का गाइड ने बताया-'यह जो पागल आपके सामने खड़ा है, इसकी यह दशा इसलिए हुई कि इसे उस लड़की ने ठुकरा दिया, जिसे वह प्यार करता था.'

'और वह!' दर्शक ने एक अन्य पागल की तरफ इशारा करते हुए पूछा.

'ओह!' गाइड बोला-'इसकी यह दशा इसलिए हुई कि इसने उसी लड़की से विवाह कर लिया.'

□ □ □

पहला-'पत्नी हर जन्म में वही पति क्यों पाना चाहती है?'

दूसरा-ताकि उस पति को सुधारने का परिश्रम बेकार न चला जाए.

□ □ □

'दुर्लभ पुस्तक किसे कहते हैं?'

'जिसे पढ़कर सगे संबंधी, मित्र और पड़ोसी सुरक्षित लौटा दें.'

□ □ □

बाजार से आते ही मालकिन नौकरानी पर बिगड़ गई-''कल से तू काम पर मत आना!''

''जी! क्या बात हो गई?''


''जब मैं बाजार गई थी तो तेरे हाथ में चार चूड़ियां थीं, अब दो ही रह गई हैं.''

''जी. वह काम करने में टूट गई!''

''वह तो ठीक है. मगर पलंग पर तू क्या काम करने गई थी?''

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 3706



**बायें से दायें:-**

१. कारगिल युद्ध पर बनी जे. पी. दत्ता की बहु-सितारा फिल्म-२,१,१
३. 'रूप सलोना तेरा' गीत वाली सनी, अक्षय, मनीषा की फिल्म-२,३
६. आमिर, माधुरी दीक्षित की 'खंभे जैसी खड़ी है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'अपना बनाना है' गीत वाली अनिल कपूर, शिल्पा, करिश्मा की फिल्म-२
८. कुमार गौरव, माधुरी की 'पहली बारिश मैं और' गीत वाली फिल्म-२
९. 'रिमझिम के गीत' गीत वाली राजेंद्र कुमार, बबीता की फिल्म-४
१२. 'छोटा कद और पेट बड़ा' गीत वाली संजयदत्त, नम्रता की फिल्म-३
१३. अजय देवगन, मधु, सोनाली की 'किसी के इश्क' गीत वाली फिल्म-४
१५. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम की नायिका कौन थी-२
१८. अक्षय कुमार, माधुरी की 'अब तेरे दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'सात सुरों के तार' गीत वाली जैकी, माधुरी दीक्षित की फिल्म-३
२१. फरदीन, करीना की 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'डैडी कूल कूल' गीत वाली शाहरूख खान, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२३. राजीव कपूर, डिम्पल की 'कोई भी नाम दो' गीत वाली फिल्म-२
२४. अभिनेत्री पूजा भट्ट के पिता-३
२६. दिलीपकुमार, वहीदा रहमान की 'कल के सपने' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'तुझे ना देखूँ तो' गीत वाली जीतेंद्र, कमल सदाना, दिव्या की फिल्म-२
३०. सुमीत सहगल, शिखा की 'पीछे पीछे आजा' गीत वाली फिल्म-४


**ऊपर से नीचे:-**

१. 'दिल लगाने की' गीत वाली अक्षय, अमिताभ, राखी, जूही की फिल्म-२,२
२. अतीन भल्ला, संदली की एक फिल्म-२
३. 'पहला पहला प्यार' गीत वाली फिल्म-२
४. संजयदत्त, काजोल की 'आवाज दो हमको' गीत वाली फिल्म-३
५. 'मैं तेरी दुश्मन' गीत वाली फिल्म-३
६. अजय देवगन, रवीना की 'कितना हसीन चेहरा' गीत वाली फिल्म-४
९. राजेश खन्ना, शबाना आजमी की फिल्म-४
१०. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
११. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली मनोज वाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
१३. सनी, बॉबी, उर्मीला की 'कोई नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'तुम आए तो आया' गीत वाली अजय देवगन, पूजा भट्ट की फिल्म-२
१६. 'कहाँ से आई रानी' गीतवाली फिल्म-२,२
१७. 'मैं जब बोलूँ हाँ' गीत वाली जीतेंद्र, नीतूसिंह की फिल्म-४
१८. अशोककुमार, सुमिता की 'रेलगाड़ी रेलगाड़ी' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'दोस्त दोस्त ना रहा' गीत वाली फिल्म-३
२०. अक्षय, करिश्मा की 'दिल ले गया' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'रजिया सुल्तन' में रजिया सुल्तन की शीर्षक भूमिका किसने की हैं-२
२६. 'तेरा क्या लगता है' गीत वाली फिल्म-२
२७. फिल्म 'काजल' की नायिका कौन थी-३
२८. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 3705



## सूडोकु -3706



■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में संख्या से न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु -3705 का हल



## शब्द पहेली - 3706



**बाएँ से दाएँ**

1.हाईकमान-5
4.बुशर्ट,शर्ट-3
6.लाख,गोंद-2
7.प्रतिज्ञा-3
8.मां का भाई-2
10.धनवान,रईस-3
11.मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14.जिज्ञासा,उत्साह-3
16.अनगिनत-4
17.वर्ष,बरस-2
18.लय,स्वर-2
19.गदर,बलवा-4
21.ईर्ष्या-3
22.गरुर,घमंड-4
24.राजा,सम्राट-3
25.पानी से सराबोर-2
27.व्यर्थ,फिजूल-3
28.चतुर्थ,चौथा-2
29.बहने का भाव-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.आरामदायी-5
2.एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3.सेवा शुल्क-4
4.अभिव्यक्ति-3
5.बचत,जोड़-2
7.वहम-2
9.स्वामी-3
12.प्रवेश-3
13.धरोहर,थाती-4
15.तरंग,हिलोर-3
16.निरंकुश,मुंहजोर-4
17.किनारा,तट
18.कामधेनू, सुगंध-3
20.नुकसानदेह-5
21.दुनिया,जग-3
22.कहासुनी-4
23.चयन-3
24.चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26.ईश्वर,भगवान-2
28.प्रेम,लगन-2

शब्द पहेली -3705 का हल



गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 11 नवंबर 2025
Www.vishalindia.in

# ग्रेटर नोएडा में एमएमएलएच के लिए ग्लोबल टेंडर जारी

## 5,881 करोड़ में बनेगा, इंडस्ट्रियल रीजन को मिलेगी रफ्तार; डीबीएफओटी बनेगा आधार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में इंडस्ट्री और लॉजिस्टिक्स क्षमता को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड ने मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब के विकास के लिए ग्लोबल टेंडर जारी किया है। यह परियोजना दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में माल परिवहन और भंडारण सुविधाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

करीब 311 हेक्टेयर भूमि पर बनने वाली यह परियोजना दादरी ब्लॉक, गौतम बुद्ध नगर में ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के जंक्शन के पास स्थित होगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 5,881 करोड़ रुपए है।

इस लोकेशन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के माल को सीधे छ्रन्नष्ट नेटवर्क के जरिए हैंडल कर सकेगी, जिससे परिवहन का समय और लागत दोनों में कमी आएगी।

### DMIC IITGNL और ग्रेटर नोएडा में लॉजिस्टिक्स हब

DMIC IITGNL एक स्पेशल पर्पज व्हीकल है, जिसे नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्प्लीमेंटेशन ट्रस्ट और उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के माध्यम से संयुक्त रूप से प्रमोट किया है। इस परियोजना का उद्देश्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक क्लस्टरों को उच्च गति वाले फ्रेट रूट्स से जोड़कर औद्योगिक प्रतिस्पर्धा बढ़ाना है।



### दिल्ली-हावड़ा रूट पर बनेगा हब

प्रस्तावित लॉजिस्टिक्स हब दिल्ली-हावड़ा ब्रॉड-गेज रेल लाइन और एनएच-91 के पास स्थित होगा। इसके जरिए सड़क और रेल दोनों माध्यमों से निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। परियोजना में रेल साइडिंग, ट्रैक इन्फ्रास्ट्रक्चर, कोल्ड स्टोरेज, वेयरहाउसिंग, कंटेनर और नॉन-कंटेनराइज्ड कार्गो सुविधाएं, साथ ही बैंकिंग, बीमा, शिपिंग, पैकेजिंग जैसी वैल्यू-एडेड सेवाएं भी शामिल होंगी।

MMLH को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट एंड ट्रांसफर आधार पर विकसित किया जाएगा। निर्माण तीन चरणों में होगा। पहले चरण में यह हब 0.74 मिलियन टन कंटेनराइज्ड और 6.7 मिलियन टन नॉन-कंटेनराइज्ड माल का वार्षिक प्रबंधन करेगा।

पहले चरण में लगभग 2,374 करोड़ रुपए का निवेश होगा, जबकि दूसरे और तीसरे चरण में क्रमशः 1,412 करोड़ और 2,095 करोड़ रुपए के निवेश का अनुमान है।

### पहले फेज में ये बनेगा

पहले चरण में 30 लाख वर्गफुट का आधुनिक वेयरहाउस और 3 लाख वर्गफुट का कोल्ड स्टोरेज बनाया जाएगा। भविष्य में इसे क्रमशः 1.25 करोड़ वर्गफुट और 12 लाख वर्गफुट तक बढ़ाया जा सकेगा। निजी साझेदार को परियोजना के वित्तपोषण, निर्माण, संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी 45 वर्ष की रियायत अवधि के लिए दी जाएगी।

### 6 फरवरी तक करें आवेदन

ग्लोबल टेंडर के अनुसार, इच्छुक बोलीदाताओं से प्रश्न 28 नवंबर तक स्वीकार किए जाएंगे, जबकि 8 दिसंबर को प्री-बिड बैठक आयोजित होगी। जवाब 5 जनवरी तक जारी किए जाएंगे और बिड जमा करने की अंतिम तिथि 6 फरवरी 2026 रखी गई है। तकनीकी बिड्स 9 फरवरी को खोली जाएंगी, जिसके बाद वित्तीय मूल्यांकन और एग्रीमेंट हस्ताक्षर प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# नोएडा में पूर्व मंत्री डीपी यादव समेत नौ पर एफआईआर

## संपत्ति विवाद में दर्ज किया गया केस, गाली-गलौज और मारपीट की थी

**नोएडा।** पूर्व मंत्री डीपी यादव, उनकी पत्नी और बेटे समेत नौ लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर सेक्टर-126 थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोप है कि संपत्ति विवाद में शिकायतकर्ता और उनके साथियों का रास्ता रोककर धमकी दी गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

दस दिन पहले गोरखपुर निवासी पवन जिंदल ने वाडिया बंधुओं समेत तीस लोगों के खिलाफ सेक्टर-49 थाने में एक मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद दूसरे पक्ष की ओर से यह मुकदमा दर्ज हुआ है। दिल्ली के शाहदरा निवासी अशोक वाडिया ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि सलारपुर खादर स्थित 14 हजार वर्ग गज जमीन के मालिक हैं और काबिज हैं।



इस भूमि को लेकर विपक्षियों से विवाद कोर्ट में विचाराधीन है। उनका आरोप है कि पिछले दिनों आरोपी पवन जिंदल, सुरेश कुमार गोयल उर्फ एसके गोयल, देवेश यादव, रामफल शर्मा, डीपी यादव, उनकी पत्नी उमलेश यादव, पुत्र कुनाल यादव, रविंद्र सिंह, अभय उपाध्याय और 10-12 अज्ञात लोगों ने मिलकर भूमि हड़पने की साजिश रची। आरोपियों ने एक एग्रीमेंट पत्र छह अगस्त 2025 को पंजीकृत करा लिया।

### आरोपियों ने दी जान से मारने की धमकी

इसके बाद सात अगस्त को हथियारबंद आरोपी जमीन पर कब्जा करने पहुंचे। विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट की। इसके बाद पीड़ित 19 अगस्त को भूमि की देखभाल करने नरेश कुमार और उनके भाई जा रहे थे। सेक्टर-125 में विश्वविद्यालय के निकट गाड़ी का कई गाड़ियों से रास्ता रोक लिया गया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर दोनों ही मामलों की जांच कर रही है।

## गौ रक्षकों ने दलदल में फंसे गोवंश को निकाला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के निलोनी गांव में सोमवार को एक गोवंश पोखर के दलदल में फंस गया। सूचना मिलते ही गौरक्षक दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने रस्सियों की मदद से कड़ी मशक्कत कर गोवंश को दलदल से सुरक्षित बाहर निकाला। गौरक्षक दल के प्रमुख त्रिलोक गुर्जर नवादा ने बताया कि उनका संगठन गौतम बुद्ध नगर जिले में कहीं भी गोवंश के संकट की सूचना मिलने पर तुरंत सेवा कार्य के लिए पहुंचता है। उन्होंने गौसेवा को अपना धर्म बताते हुए इस अभियान को निरंतर जारी रखने की बात कही। इस बचाव अभियान में तनिष पंडित, अनुज राजपूत, देवकरन भाटी, हरेंद्र भाटी, रोहित ठाकुर, अक्षय, शिवम भाटी और गौरव ठाकुर सहित कई अन्य गौरक्षक सक्रिय रूप से शामिल थे। ग्रामीणों ने गौरक्षक दल के इस मानवीय प्रयास की सराहना की और टीम के समर्पण की प्रशंसा की।

# नोएडा में महिला को 3 घंटे रखा डिजिटल अरेस्ट

**मनी लॉड्रिंग का डर दिखाकर ठगे 24 लाख, वॉट्सऐप पर भेजा गिरफ्तारी वारंट**

**नोएडा।** नोएडा में साइबर ठगों ने एक महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 24 लाख रुपए की ठगी कर ली। तीन घंटे तक उसे बातों में उलझाए रखा। कहा कि उसके बैंक खाते में अवैध लेनदेन किया गया है। उसे डराने के लिए वॉट्सऐप पर गिरफ्तारी वारंट भी भेज दिया।

उससे रुपए ट्रांसफर करा लिए। जांच के बाद सारी रकम वापस उसके खातों में भेजने का भरोसा दिया। महिला ने रुपए भेजने के बाद जब दोबारा से उस नंबर पर कॉल किया तो फोन बंद मिला। उसके बाद उसे ठगी का एहसास हुआ। उसने साइबर क्राइम थाने में जाकर केस दर्ज कराया।

पुलिस को दी शिकायत में ग्रेटर नोएडा वेस्ट निवासी अनीता श्रीवास्तव ने बताया कि वह हाउस वाइफ हैं। सात नवंबर को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को ट्राई का कर्मचारी बताते हुए दो घंटे के अंदर उसका मोबाइल का सिम बंद होने की चेतावनी दी। उसने जब सिम बंद करने का कारण पूछा तो बताया गया कि जिस आधार कार्ड को माध्यम बनाकर उसका बैंक खाता खोला गया है, उसमें अवैध तरीके से करोड़ों रुपए का लेनदेन हुआ है।

फोन करने वाले ने कहा- मामला सीबीआई तक पहुंच गया है। इतना सुनते ही वह डर गई। उसने ट्राई कर्मचारी से मदद के लिए गुहार लगाई। ट्राई कर्मचारी ने कहा- वह बुजुर्ग है, ऐसे में वह उसकी मदद के लिए तैयार है। लेकिन इसके लिए गोपनीयता बरतनी होगी।

अगर इस मामले की जानकारी परिवार के किसी अन्य सदस्य को दी तो उसे भी आरोपी माना जाएगा। सभी को जेल में डाल दिया जाएगा।

## इंस्टाग्राम पर बने दोस्त ने अपने साथी के साथ मिल कर एक महीने तक किशोरी के साथ गैंग रेप, दो गिरफ्तार

**नोएडा।** फेज वन थाना पुलिस ने एक किशोरी को इंस्टाग्राम पर दोस्त बनाकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले युवक को उसके साथी के साथ अशोक नगर बॉर्डर के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सामूहिक बलात्कार और पॉक्सो अधिनियम की धाराएँ जोड़ कर कार्रवाही कर रही हैं। बता दे कि फेज वन थाना स्थित एक सेक्टर में रहने वाला लापता किशोरी का पिता प्रेस में काम करता है। वह और उसकी पत्नी 30 सितंबर को काम पर गए थे। उसकी 15 वर्षीय बेटी, जो कक्षा 9 में पढ़ती है, घर से लापता हो गई। किशोरी का पिता उसने फेज वन थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई और दो युवकों पर बेटी के अपहरण का शक जताया। पुलिस युवती और आरोपियों की तलाश कर रही थी। मुखबीर से मिले इनपुट पर पुलिस ने शनिवार को अशोक नगर बॉर्डर के पास से दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अमित कुमार मान ने बताया कि आरोपियों की पहचान बुलंदशहर के सिकंदराबाद के भोखेड़ा गाँव निवासी यथार्थ भाटी और हरदोई की गुप्ता कॉलोनी निवासी यश गुप्ता के रूप में हुई है। यथार्थ ने पुछताछ के दौरान बताया कि कुछ समय पहले इंस्टाग्राम पर उसकी किशोरी से दोस्ती हुई थी। 30 सितंबर को वह उसे प्रेम जाल में फँसाकर अपने साथ ले गया। उसने लड़की को अपने साथी यश के कमरे में छिपाकर रखा था। पुलिस ने लड़की को आरोपियों के कमरे से सकुशल बरामद कर लिया।

# नोएडा में 30 हजार लोगों को मिला गंगाजल

## रोजाना होगी 40 एमएलडी की सप्लाई, 2.47 करोड़ किए गए खर्च

**नोएडा।** सेवन एक्स सेक्टर-74, 75, 76, 77, 78, 79 के अलावा 116 व 117 में अब बेहतर पानी की सप्लाई होगी। इन सेक्टरों में 40 मिलियन लीटर प्रति दिन-एमएलडी-गंगाजल सप्लाई करने की परियोजना की शुरुआत रविवार से की गई। इसका शुभारंभ विधायक पंकज सिंह ने किया। रविवार को सेवन एक्स सेक्टरों के लिए सेक्टर-116 स्थित जलाशय परिसर से गंगाजल आपूर्ति की शुरुआत की गई।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि गंगाजल की नई लाइन गाजियाबाद से नोएडा के लिए बनकर तैयार हो गई है। इस लाइन के जरिए




36. 5 क्यूसेक गंगाजल नोएडा को मिलेगा। यह लाइन सीधे गाजियाबाद से सेक्टर-116 जलाशय परिसर से जोड़ी गई है। इसी में से 40 एमएलडी गंगाजल सेवन एक्स सेक्टरों को दिया जाएगा।

नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक आरपी सिंह ने बताया कि सेवन एक्स सेक्टरों से गंगाजल की लाइन जोड़ने पर नोएडा प्राधिकरण ने 2 करोड़ 47 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित सेक्टरों में पर्याप्त मात्रा में मिश्रित गंगाजल की आपूर्ति होगी। इससे संबंधित सेक्टरों में अधिक टीडीएस होने की समस्या से भी लोगों का छुटकारा मिलेगा।

### आठ बार स्टोर किया जाएगा गंगाजल

अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-116 स्थित जलाशय में टैंक की क्षमता 5 एमएलडी है। ऐसे में यहां पर दिन में करीब आठ बार गंगाजल को स्टोर किया जाएगा।

अभी तक सेवन एक्स सेक्टरों में सेक्टर-50 के जलाशय से गंगाजल की सप्लाई की जा रही थी। अभी सेवन एक्स सेक्टर-76 और 77 के कुछ हिस्से में ही सेक्टर-50 से गंगाजल की आपूर्ति होगी। सेवन एक्स सेक्टरों में अभी तक 10 एमएलडी गंगाजल की सप्लाई की जा रही थी।

# एनएमआरसी के तीनों रूट के लिए डिटेल्ड ड्राइंग बनेगी

## एक सप्ताह में कंपनी का चयन, टोपोग्राफी सर्वे; बोडाकी रूट पर की जा रही स्याल टेस्टिंग

**नोएडा।** एनएमआरसी के तीनों प्रस्तावित रूटों के लिए डिटेल्ड डिजाइन ड्राइंग बनाने का काम दिसंबर में शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए डिटेल्ट ड्राइंग सलाहकार (डीडीसी) का चयन आगामी एक सप्ताह में हो जाएगा। इसके लिए तीन कंपनियां आई है। जिनके दस्तावेजों की जांच की जा रही है। ये प्रस्तावित रूट सेक्टर-51 से नॉलेज पार्क-5, ग्रेटर नोएडा डिपो से बोड़ाकी और सेक्टर-142 से बोटेनिकल गार्डन मेट्रो तक है।



### इन तीन रूटों के लिए तैयार होगी डिजाइन

डीडीसी तीनों रूट के सिविल डिजाइन, लागत, विद्युत यांत्रिक व ट्रैक के काम के लिए सर्वे कर विस्तृत रिपोर्ट एनएमआरसी को उपलब्ध करवाएगा। इसके लिए नोएडा मेट्रो करीब 24.21 करोड़ रुपए का भुगतान करेगी। सलाहकार को चयन के 5 साल तक इन तीनों रूट पर काम करना होगा। तीनों रूटों की कुल लंबाई 31.595 किलोमीटर होगी।

ग्रेनो वेस्ट मेट्रो का सबसे बड़ा रूट सेक्टर-51 से नॉलेज पार्क-5 तक 17.345 किलोमीटर का है। इस दूरी में 11 स्टेशन बनाए जाने प्रस्तावित हैं। इसकी फाइल केंद्र सरकार के पास है। दूसरा मेट्रो रूट सेक्टर-142 से बोटेनिकल गार्डन तक 11.56 किलोमीटर लंबा है। इस रूट पर 8 मेट्रो स्टेशन बनाए जाने हैं। इसके लिए जल्द ही सहमति पत्र आ जाएगा।

तीसरा मेट्रो रूट डिपो से बोड़ाकी तक 2.6 किलोमीटर का है। इस रूट पर 2 मेट्रो स्टेशन बनाए जाने हैं। केंद्र से भी मंजूरी मिल चुकी है। इसके लिए स्याल टेस्टिंग किया जा रहा है। ये रिपोर्ट डीडीसी में आने वाली कंपनी को दी जाएगी। स्याल रिपोर्ट के आधार पर ही डिजाइन को तैयार करेंगे।

सेक्टर-142 से बोटेनिकल गार्ड और ग्रेटर नोएडा डिपो से बोडाकी रूट के लिए टोपो ग्राफी सर्वे पूरा किया जा चुका है। इस रिपोर्ट को भी डिटेल डिजाइन में शामिल किया जाएगा। इसी के अनुसार ड्राइंग में तय किया जाएगा कि कहा कहा पर पिलर बनाए जाएंगे। डीडीसी के नियुक्ति के लिए प्रि बिड बैठक हो चुकी है। जिसमें कंपनियों ने अपने सुझाव दिए थे।

### सभी स्टेशनों पर सोलर पैनल

तीनों रूटों पर प्रस्तावित सभी स्टेशन पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। एनएमआरसी के अधिकारी ने बताया स्टेशन का सारा बिजली का काम इन्ही पैनल से जनरेट होने वाली इलेक्ट्रिक सिटी से किया जाएगा।

## किसान कामगार यूनियन ने हाईकोर्ट में दायर की याचिका

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के निलौनी गांव में किसान कामगार यूनियन (तेवतिया) ने यमुना प्राधिकरण की नीतियों के खिलाफ सत्याग्रह की अनुमति के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। सोमवार को निलौनी गांव में आयोजित एक बैठक में यह जानकारी दी गई। बैठक की अध्यक्षता ठाकुर राधे भाटी ने की, जबकि संचालन संगठन के कोषाध्यक्ष राजवीर सिंह ने किया। संगठन के कोषाध्यक्ष राजवीर सिंह ने बताया कि यमुना प्राधिकरण की नीतियों से परेशान किसान गांव पारसौल में शांतिपूर्ण धरना और सत्याग्रह करना चाहते हैं। इसके लिए संगठन पिछले एक महीने से जिला प्रशासन से अनुमति लेने का प्रयास कर रहा है, लेकिन अब तक उन्हें अनुमति नहीं मिली है। राजवीर सिंह ने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन किसानों की आवाज को दबाने के लिए जानबूझकर अनुमति नहीं दे रहा है। इस मनमाने रवैये के खिलाफ यूनियन ने अब इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

# धान तुलाई न होने पर किसान एकता संघ का धरना

## ग्रेटर नोएडा में शुरू, आज होगी महापंचायत



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में सोमवार शाम को किसान एकता संघ ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। यह प्रदर्शन रीलखा रोड स्थित राजकीय अनाज क्रय केंद्र पर धान की तुलाई न होने के विरोध में किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी भी की।

धरने का नेतृत्व संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देशराज नागर कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को अनाज मंडी परिसर में एक महापंचायत आयोजित की जाएगी, जिसमें आंदोलन की आगे की रणनीति तय की जाएगी। किसानों का आरोप है कि पिछले 15 दिनों से उनका धान मंडी परिसर में खुले में पड़ा है। सरकारी केंद्र के इंस्पेक्टर लगातार तुलाई करने से इनकार कर रहे हैं। खुले में पड़े धान के खराब होने का खतरा बढ़ गया है, जिससे किसान चिंतित हैं।

संगठन के पदाधिकारियों ने प्रशासन पर किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक धान की तुलाई शुरू नहीं होती और किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक धरना जारी रहेगा।

देशराज नागर ने यह भी कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# शार्ट न्यूज

## अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ईकोटेक 3 कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सुबह की सैर पर निकली महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। कुलेसरा निवासी दीपचन्द ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 30 अक्तूबर की सुबह करीब चार बजे वह अपनी पत्नी शीतल के साथ रोज की तरह टहलने निकले थे। हिंडन नदी का पुल पार करते ही एक अज्ञात वाहन ने शीतल को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने एम्बुलेंस बुलवाकर घायल को अस्पताल भिजवाया। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पत्नी के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद केस दर्ज कराया है। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार का कहना है कि मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## ग्रेटर नोएडा में घर में घुसकर दो व्यक्तियों को पीटा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के रौनिजा गांव में रविवार रात एक परिवार पर हमला हुआ। इस हमले में परिवार के दो सदस्य घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने सोमवार को तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार, गांव निवासी संतराम ने शिकायत में बताया कि वह अपने घर पर बैठे थे। तभी फलैदा गांव निवासी ओमपाल अपने बेटों वीरेंद्र और लवकुश के साथ उनके घर पहुंचा। तीनों ने पुराने विवाद को लेकर संतराम के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। संतराम के विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में संतराम सहित परिवार के दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी परिवार को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से जीजा की मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे में बाइक सवार जीजा की मौत हो गई, जबकि उनका साला गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना अट्टा फतेहपुर गांव के पास यमुना नदी के बांध पर सोमवार शाम को हुई। एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी थी। मृतक की पहचान मथुरा निवासी लवकुश (24) के रूप में हुई है, जो ग्रेटर नोएडा की एक मोबाइल कंपनी में कार्यरत थे। उनके साथ बाइक पर सवार उनके साले सोमवीर (मथुरा निवासी) भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है और उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, लवकुश और सोमवीर सोमवार शाम को मकनपुर बांगर गांव से ड्यूटी पर कंपनी जा रहे थे। अट्टा फतेहपुर गांव के पास यमुना नदी के बांध पर सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। बताया जाता है कि ट्रैक्टर के पीछे रोटावेटर (कृषि यंत्र) भी लगा हुआ था। हादसे के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

## कूड़े के ढेर में मिला नवजात बच्ची का शव

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र के ऐच्छर गांव में सोमवार को कूड़े के ढेर से नवजात बच्ची का शव बरामद हुआ। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर भीड़ जमा हो गई और लोगों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सफाईकर्मी जब सड़क किनारे जमा कूड़ा उठाने पहुंचे, तो उन्हें कूड़े के बीच नवजात का शव दिखाई दिया। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही ऐच्छर चौकी पुलिस और बीटा-2 कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार, नवजात का भ्रूण लगभग छह से सात महीने का है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि शव किसने फेंका। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है, जिसमें नवजात कूड़े के ढेर में पड़ी दिख रही है और उसके मुंह पर कपड़ा लिपटा हुआ है। ग्रामीणों का अनुमान है कि लोकलाज के डर से अविवाहित महिला या प्रेम प्रसंग में फंसी किसी युवती ने नवजात को फेंका होगा।

## जेवर एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी इक्विपमेंट की जांच

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन से पहले यात्री सुविधाओं और सुरक्षा उपकरणों का परीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (यापल) ने स्थानीय लोगों को यात्री बनाकर एयरपोर्ट की सुरक्षा उपकरणों का ट्रायल किया। इस दौरान टर्मिनल में प्रवेश से लेकर पंजीकरण और सुरक्षा जांच तक की पूरी प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। ट्रायल में शामिल स्थानीय लोगों को इंडिगो एयरलाइंस की अहमदाबाद के लिए टिकटें दी गईं और उन्हें घरेलू टर्मिनल में प्रवेश कराया गया। इन यात्रियों को प्रवेश से लेकर विमान में बैठने तक की पूरी प्रक्रिया समझाई गई। यह परीक्षण एयरपोर्ट पर स्थापित उपकरणों और यात्री सुविधाओं की कार्यक्षमता जांचने के लिए किया गया था। यापल ने रविवार को यह विशेष ट्रायल आयोजित किया। इसमें स्थानीय लोगों ने टिकट और पहचान पत्र के साथ एयरलाइन काउंटर पर पहुंचकर अपनी यात्रा शुरू की। सुरक्षा जांच के बाद, यात्रियों ने ऑनलाइन चेक-इन किया और उन्हें अहमदाबाद की उड़ान के लिए बोर्डिंग पास जारी किए गए। चेक-इन काउंटर पर यात्रियों ने अपना सामान जमा कराया, जिसका वजन किया गया और उस पर बार कोड वाला टैग लगाया गया।

## जीएसटी रिफंड घोटाला उजागर, दो आरोपी गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** सेंट्रल नोएडा की बिसरख पुलिस ने जीएसटी रिफंड प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर कर चोरी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को पतवाड़ी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इन पर 85 फर्जी फर्मों के माध्यम से सरकार को 51 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान पहुंचाने का आरोप है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे मिलकर फर्जी केवाईसी दस्तावेज तैयार करते थे। इसके बाद वे फर्जी फर्मों का पंजीकरण कराते थे और उन्हीं फर्मों के नाम पर बैंक खाते खुलवाते थे। इन खातों का उपयोग इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) रिफंड के जरिए अवैध धन अर्जित करने के लिए किया जाता था। गिरोह पिछले पांच वर्षों से जाली दस्तावेजों के आधार पर अनेक फर्जी फर्मों का संचालन कर रहा था। इस अवधि में उन्होंने करोड़ों रुपये का आईटीसी रिफंड प्राप्त कर सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10 फर्जी सील-मोहरें, आधार कार्ड, चेक बुक, अकाउंट ओपनिंग फॉर्म और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रवीण कुमार (निवासी गांव सलोनी, थाना बहादुरगढ़, हापुड़) और सत्येंद्र सिंह (निवासी गांव बिघराऊ, थाना स्याना, बुलंदशहर) के रूप में हुई है।

## दिल्ली के बाद नोएडा पुलिस अलर्ट

**नोएडा।** दिल्ली में हुए धमाके के बाद नोएडा में सुरक्षा एजेंसियों ने सतर्कता बढ़ा दी है। पूरे जिले में हाई अलर्ट जारी करते हुए पुलिस ने 26 थानों को एक-दूसरे से मोबाइल नेटवर्क पर जोड़ा है। ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत साझा की जा सके। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर नोएडा पुलिस ने सीमा (बॉर्डर) इलाकों में सघन चेकिंग अभियान शुरू किया है। दिल्ली से सटे सभी मार्गों पर पुलिस कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती की गई है, जबकि हर आने-जाने वाले वाहन की कड़ी जांच की जा रही है। नोएडा में सुरक्षा की कमान आला अधिकारियों ने संभाली है। वह खुद लगातार कंट्रोल रूम और फील्ड यूनिट्स के जरिए मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में भीड़भाड़ वाले स्थानों, मॉल, मेट्रो स्टेशन, बाजार और धार्मिक स्थलों पर गश्त तेज करें। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दिल्ली से सटे डीएनडी, कालिंदी कुंज, चिल्ला, मयूर विहार, सेक्टर-62, और कोंडली बॉर्डर पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। हर वाहन की जांच के दौरान पुलिस ड्राइवरों के आईडी कार्ड और दस्तावेजों की भी पुष्टि कर रही है।

# दिल्ली में विस्फोट, यूपी में हाई अलर्ट

**अयोध्या-काशी और मथुरा में खास निगरानी; डीजीपी बोले- संदिग्धों पर रखी जा रही नजर**

**लखनऊ।** दिल्ली में लाल किले के पास सोमवार शाम कार में हुए जोरदार धमाके के बाद यूपी में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। सीएम योगी ने अफसरों से कहा, अधिकारी सतर्कता बरतें और फील्ड में उतरें। अफवाहों की मॉनिटरिंग की जाए।



अयोध्या, काशी, मथुरा जैसे संवेदनशील जिलों में पुलिस चौकन्ना हो गई है। संवेदनशील स्थलों जैसे मंदिरों, बाजारों और रेलवे स्टेशनों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया, दिल्ली घटना के बाद पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट है। सभी महत्वपूर्ण स्थानों की चेकिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। पूरी सतर्कता बरती जा रही है। संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कल ही लखनऊ की महिला डॉक्टर शाहीन शाहिद को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है। शाहीन एके-47 लेकर चलती थी, जो उसकी कार से बरामद हुई।

डॉक्टर शाहीन शाहिद लखनऊ में लालबाग की रहने वाली है। वह फरीदाबाद आतंकी साजिश में गिरफ्तार डॉक्टर मुजम्मिल शकील की सहयोगी और गर्लफ्रेंड थी।

शाहीन पर पाकिस्तान बेस्ड आतंकी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े होने के आरोप हैं। आईजी लॉ एंड ऑर्डर एलआर कुमार का कहना है कि शाहीना के बारे में जम्मू-कश्मीर पुलिस से जानकारी जुटाई जा रही है।

## जावेद हबीब और बेटे की गिरफ्तारी पर रोक

**प्रयागराज।** सेलिब्रिटी हेयर स्टाइलिस्ट जावेद हबीब और उनके बेटे अनोश हबीब को इलाहाबाद हाईकोर्ट से राहत मिली है। जालसाजी और धोखाधड़ी से जुड़े केस में कोर्ट ने दोनों की अरेस्टिंग पर रोक लगा दी है। साथ ही दोनों को चार्जशीट दाखिल होने तक सुरक्षा दी है। यह आदेश जस्टिस सिद्धार्थ वर्मा और जस्टिस अचल सचदेव की डिवीजन बेंच ने सुनाया। दरअसल, संभल में पिता-पुत्र के खिलाफ 32 मुकदमे दर्ज हुए हैं। पिता-पुत्र पर आरोप है कि उन्होंने लोगों को निवेश पर 70 प्रतिशत तक मुनाफा देने का झांसा दिया। लगभग 7 करोड़ रुपए ठग लिए। इस मामले में संभल पुलिस की ओर से पिता-पुत्र के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया। ताकि दोनों देश छोड़कर न जा सकें।

## मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्न जानकारियाँ दी गई। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। कभी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल, ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें।

सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते। किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे फोरवर्ड व शेयर न करें। अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें।

कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें। प्लेस्टोर से जैनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, प्लेस्टोर के अलावा कहीं से भी ऐप डाउनलोड न करें।

# हापुड़ में गो-तस्कर हसीन एनकाउंटर में मारा गया

**50 हजार का इनाम था; यूपी में 38 दिन में 11 बदमाश ढेर**

**हापुड़।** यूपी के हापुड़ में पुलिस ने गो-तस्कर हसीन को एनकाउंटर में मार गिराया। हसीन पर 50 हजार का इनाम था। रविवार देर रात डॉयल 112 पर पुलिस को सूचना मिली कि गो-तस्कर पशुओं को गाड़ी में भरकर ले जाने की फिराक में हैं।

कॉल आते ही पुलिस एक्टिव हो गई। पुलिस ने कपूरपुर के सपनावत गांव में कार सवार तस्कर की घेराबंदी कर ली। पुलिस को देखते ही हसीन ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। दोनों तरफ से 8 राउंड फायरिंग हुई। एनकाउंटर के दौरान एक गोली हसीन के सिर में लग गई। वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। कोतवाली प्रभारी विनोद पांडेय ने बताया कि उसे पहले धौलाना सीएचसी ले जाया गया। वहां से हायर सेंटर रेफर किया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

29 साल का हसीन पुत्र इकरार संभल के असमोली थाने के मैनोटा गांव का रहने वाला था। संभल और आसपास के जिलों में उस पर 24 से ज्यादा मुकदमे थे। हसीन के पास से स्विफ्ट डिजायर कार, अवैध तमंचा, कारतूस बरामद किया गया।

# देवहा नदी में दो दिन से मिल रहे गौवंशों के अवशेषों से मचा हड़कंप

**हिंदू संगठनों में आक्रोश, बरखेड़ा पुलिस की रात्रि गश्त पर उठे सवाल प्रशासन ने बढ़ाई निगरानी**





**बरखेड़ा।** थाना बरखेड़ा क्षेत्र में देवहा नदी से लगातार दूसरे दिन गौवंशों के अवशेष मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सोमवार सुबह देवहा पुल के पास करीब आधा दर्जन प्लास्टिक के कट्टों में गौवंशों के सिर और अंग मिलने की सूचना मिलते ही हिंदू संगठनों में गहरा आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों के अनुसार, रविवार को भी इसी स्थान पर कट्टों में भरे गौवंश अवशेष तैरते मिले थे, जिसके बाद पुलिस ने देर रात तक तलाशी अभियान चलाया था। सोमवार को फिर से वही दृश्य सामने आने से ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा। सूचना पर विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष शिवम गंगवार और गौरक्षा प्रमुख शिवम भोजवाल टीम के साथ पहुंचे और पुलिस की गश्त व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब रात्रि गश्त देवहा नदी तक हो रही है, तब भी ऐसे कृत्य कैसे हो रहे हैं? हिंदू संगठनों ने दोषियों की गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और जेसीबी से अवशेषों को दफन कराया। एसडीएम बीसलपुर नागेंद्र पांडे व सीओ बीसलपुर ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने कहा कि अज्ञात तत्वों की तलाश की जा रही है और गश्त बढ़ाई जा रही है।

लगातार दो दिनों से घट रही इस घटना ने पूरे बरखेड़ा क्षेत्र में तनाव का माहौल पैदा कर दिया है। ग्रामीणों ने देवहा नदी तट पर स्थायी चौकी और रात्रिकालीन निगरानी की मांग की है।

# बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर कसी नकेल

**एआरटीओ टीम का सघन अभियान, चार वाहन सीज, पांच चालान किए गए**

**पीलीभीत।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर जनपद में परिवहन विभाग ने बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट और अस्पष्ट नंबर प्लेट वाले वाहनों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में जिले के प्रमुख मार्गों पूरनपुर रोड, गजरौला मार्ग और बरेली हाईवे पर संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान चार ऐसे वाहन पकड़े गए जिन पर मानक के अनुरूप नंबर प्लेट नहीं लगी थी। इन्हें तत्काल सीज किया गया। इसके अतिरिक्त पांच वाहन मालिकों के चालान काटे गए, जिनकी नंबर प्लेट धुंधली या टूटी हुई पाई गई।



एआरटीओ ने बताया कि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट चोरी रोकने, ट्रैफिक सर्विलांस और सड़क सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा, कोई भी वाहन बिना मानक नंबर प्लेट के सड़कों पर न चलाएं, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करना और वाहन पहचान प्रणाली को और अधिक पारदर्शी बनाना है। विभाग ने नागरिकों से अपील की कि वे समय रहते HSRP लगवाकर यातायात नियमों का पालन करें। यह सघन जांच अभियान आगामी सप्ताहों में भी जारी रहेगा।

# बाथरूम में नहा रही 6वीं की छात्रा की मौत

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में बाथरूम में दम घुटने से एक बच्ची की मौत हो गई। वह गैस गीजर ऑन कर नहा रही थी।

30 मिनट से ज्यादा वक्त बीतने के बाद भी जब वह बाहर नहीं निकली तो मां ने आवाज दी। कोई रिस्पांस नहीं मिला तो पहली मंजिल से मां नीचे पहुंची।

बाथरूम का दरवाजा खटखटाया, खूब चिल्लाई। लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद दरवाजा तोड़ा गया। अंदर वह बेहोश पड़ी थी। बच्ची को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पुलिस भी पहुंची। लेकिन परिजन ने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया। घटना रविवार दोपहर की शिवाजीपुर कॉलोनी की है। मौत से एक दिन पहले छात्रा ने अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया था। वह छठीं क्लास की स्टूडेंट थी।

# यूपी में 2000 मेगावाट बिजली खरीदी पर रोक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में निजी कंपनियों से यूपी पावर कार्पोरेशन फिलहाल बिजली नहीं खरीद सकेगी। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने निजी कंपनियों से 2000 हजार मेगावाट बिजली खरीदने के औचित्य पर सवाल उठाते हुए इस प्रस्ताव पर रोक लगा दी है। पावर कार्पोरेशन के सूत्रों के अनुसार प्रदेश में दो साल के अंदर 21 हजार मेगावाट बिजली खरीद संबंधी समझौता पत्र तैयार किए गए हैं। इसमें कुछ की टेंडर प्रक्रिया चल रही है तो कुछ लंबित हैं। इसी बीच पावर कार्पोरेशन ने नियामक आयोग में 1000 मेगावाट मध्यम पीक समर और 2000 लांग टर्म पीक समर के लिए खरीद संबंधी समझौता पत्र पेश किया और खरीद के लिए अनुमति मांगी थी। नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने पावर कार्पोरेशन के प्रस्ताव पर सुनवाई के बाद निजी कंपनियों से बिजली खरीद के समझौता पत्र पर रोक लगा दी। साथ ही आयोग ने अब तक बिजली खरीद के लिए तैयार किए गए प्रस्ताव, प्रक्रिया, जरूरत सहित सभी पहलुओं पर भी कार्पोरेशन से जवाब तलब किया है।

# यातायात नियमों से छात्राओं को किया जागरूक

**ललितपुर।** सडक हादसों को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस लगातार जागरुकता अभियान चला रही है। सोमवार को पहलवान गुरुदीन कालेज में छात्र छात्राओं को ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियमों की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में, यातायात प्रभारी, ललितपुर आलोक कुमार तिवारी द्वारा पहलवान गुरुदीन कॉलेज में छात्र छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य छात्र/छात्राओं को हेलमेट, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग, गलत दिशा में वाहन न चलाना, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाना, सड़क पर स्टंटबाजी न करना, राहवीर योजना, हिट एंड रन के मामले में सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान प्रबंधक सौरभ यादव, प्राचार्य महेश कुमार झा मौजूद रहे। इसी क्रम में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत 183 वाहनों का चालान किया गया व जागरूक करते हुए बताया गया कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें और सुरक्षित रहें।



दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य लगायें, जिससे की किसी दुर्घटना के घटित होने पर वह सुरक्षित रह सके। दो पहिया वाहन पर तीन सवारियां न बैठाकर न चलाये। शराब इत्यादि का नशा करके वाहन न चलाये। चार पहिया वाहन चालकों से सीटबेल्ट का प्रयोग करके वाहन चलाने की भी अपील की।

# ललितपुर में अवैध लाउडस्पीकरों पर कार्रवाई, 13 साउंड सिस्टम उतारे गए

**ललितपुर।** धार्मिक स्थलों पर मानक से अधिक ध्वनि में बज रहे लाउडस्पीकरों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों व उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुपालन में, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में जनपद में अवैध लाउडस्पीकरों/ध्वनि विस्तारक यंत्र के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही अमल में लायी गयी। इस अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य स्थानों पर स्थापित अवैध या ध्वनि सीमा से अधिक ध्वनि प्रसारण करने वाले लाउडस्पीकरों/ध्वनि विस्तारक यंत्र की जांच की गई। जांच के दौरान चेक किए गये धार्मिक/सार्वजनिक स्थलों की कुल संख्या, 81 धार्मिक/सार्वजनिक स्थलों पर प्रयोग में लाए जा रहे लाउड स्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्र की कुल संख्या, 81 मानकों के विपरित पाए जाने वाले लाउड स्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्र की कुल संख्या 42, लाउडस्पीकरों की ध्वनि सीमा को निर्धारित मानक (निर्धारित डेसीबल सीमा) के अनुरूप कराये गये की संख्या 29, धार्मिक/सार्वजनिक स्थलों से लाउड स्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्र उतरवाये गए की कुल संख्या, 13 संबंधित व्यक्तियों को ध्वनि प्रदूषण अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई तथा भविष्य में उल्लंघन न करने हेतु चेतावनी प्रदान की गई।



## झांसी में कोचिंग स्टूडेंट ने सुसाइड किया

**झांसी।** झांसी में किराए के कमरे में रह रहे एक छात्र ने सुसाइड कर लिया। छात्र का शव कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला। वह 10वीं और 12वीं दोनों कक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाया था। वह फोर्स में भर्ती होकर देशसेवा करना चाहता था। छात्र के बड़े भाई ने बताया- छात्र कुछ समय से डिप्रेशन में था और उसका इलाज चल रहा था। उसके गले में दो तौलिए बंधे थे, एक उसका था, जबकि दूसरा नहीं पहचान में आया है। यह आत्महत्या नहीं, बल्कि किसी साजिश के तहत हत्या हो सकती है। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा करके पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# एसपी ने की बीट आरक्षियों की समीक्षा : मुख्य आरक्षियों से हुई चर्चा, दिए अपराध नियंत्रण और निगरानी के निर्देश

**ललितपुर।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में समस्त थानों से आए एक-एक आरक्षी की बीट बुक को चेक किया गया। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, ललितपुर में जनपद के सभी थानों के रोस्टर के अनुरुप उपस्थित एक-एक मुख्या आरक्षी/आरक्षी की बीट बुक का अवलोकन कर गश्त, जनसम्पर्क व अपराध नियंत्रण से सम्बंधित कार्यों की समीक्षा की गई। बीट बुक की सभी प्रविष्टियों को अद्यावधिक रुप से पूर्ण करने हेतु तथा बीट प्रणाली/व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए जिससे की बेहतर पुलिसिंग की कार्य प्रणाली को चरितार्थ किया जा सके। बीट सूचना बीट के मुख्य आरक्षी /आरक्षियों को निर्देशित किया गया कि वह बीट क्षेत्र भ्रमण के दौरान बीट क्षेत्र की गोपनीय सूचनाओं को एकत्रित करना सुनिश्चित करेंगे तथा सूचनाओं का विश्लेषण करके संवेदनशील सूचनाओं पर बीट सूचना अंकित कराना सुनिश्चित करेंगे जिससे की सम्भावित घटनाओं पर प्रभावी रुप से नियंत्रण किया जा सके। घुमक्कड़ जातियाँ जनपद के अन्दर अस्थाई रुप से निवास करने वाली घुमक्कड़ जातियों के व्यक्तियों पर सतर्क रुप से निगरानी करना तथा भौतिक रुप से नियमानुसार सत्यापन करना सुनिश्चित करेंगे जिससे की उनके द्वारा जनपद में किसी भी प्रकार की कोई घटना कारित न की जा सके। आपराधिक ठिकाने बीट क्षेत्र के अन्तर्गत आपराधिक गतिविधियों से सम्बंधित स्थानों का भौतिक निरीक्षण कर अपराध नियंत्रण के परिपेक्ष्य में आवश्यक सुझाव/कार्यवाही जैसे- सीसीटीवी कैमरों का स्थापन, पिकेट लगाने का व्यवस्थापन आदि के विषय में आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।



बीट क्षेत्र के हिस्ट्री शीटर, सक्रिय अपराधी, आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों का भौतिक रुप से सत्यापन कर सतर्क निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया जिससे कि अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। बीट क्षेत्र में अवैध शराब बनाने वाले स्थान, जुआँ खेलने के स्थान, मादक पदार्थों जैसे- गाँजा, हेरोईन आदि के बिकने का स्थान व सम्बंधित व्यक्तियों के विषय में सूचना एकत्रित कर प्रभावी कार्यवाही कराना सूनिश्चित करें।

# शार्ट न्यूज

## किसान सहकारी चीनी मिल में हुआ बॉयलर पूजन



**बीसलपुर।** किसान सहकारी चीनी मिल बीसलपुर में सोमवार को नए पेराई सत्र 2025-26 की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण और हवन-पूजन के साथ हुई। शुभारंभ के अवसर पर मिल परिसर में आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त रहा। कार्यक्रम में प्रधान प्रबंधक डॉ. हरिकृष्ण गुप्ता ने बॉयलर में अग्नि प्रज्वलित कर पेराई सत्र का विधिवत शुभारंभ किया। पूजन कार्यक्रम का संचालन पंडित मुनेंद्र पाल मिश्र ने विधि-विधान के साथ कराया। इस अवसर पर किसान सहकारी चीनी मिल के उपसभापति नरेश चंद्र शर्मा, इंजीनियर विजेंद्र सिंह, चीफ केमिस्ट विद्याराम शुक्ला, बॉयलर इंजीनियर संकेत शर्मा, मैकेनिकल इंजीनियर अतुल वर्मा, इंजीनियर विपिन कुमार, वासुदेव दीक्षित, शिवओम त्रिवेदी, अनोखेलाल, करण, सर्वेश, दीपक, महेश, नीरज, हरिओम, ईनुष, मेवाराम व श्याम बहादुर शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## घरेलू कलह के चलते युवती ने की आत्महत्या

**फंदा लगाकर दी जान, पुलिस ने शव भेजा पोस्टमार्टम को**

**बीसलपुर।** घरेलू विवाद से परेशान एक युवती ने सोमवार को फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुजरौला का है। यहां के निवासी राम बहादुर की 19 वर्षीय पुत्री सीमा ने सोमवार सुबह कमरे में दुपट्टे से पंखे में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। परिवार के सदस्यों ने जब दरवाजा खोला तो वह फंदे से लटकी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। युवती की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि मृतका के पिता दिल्ली में रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सूचना मिलते ही वे भी घर पहुंच गए। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला घरेलू कलह से जुड़ा आत्महत्या का प्रतीत होता है। फिलहाल घटना की जांच की जा रही है।

## हत्या के 3 दोषियों को आजीवन कारावास

**आजमगढ़।** आजमगढ़ में हत्या के तीन आरोपियों को अदालत ने दोषी करार दिया है। तीनों को आजीवन कारावास की सजा हुई है। सभी को 82-82 हजार रुपये का जुर्माना भी लगा है। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय ने सोमवार को सुनाया। अदालत ने जुर्माना की आधी राशि वादी मुकदमा को दिए जाने का आदेश भी दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार फरवरी 2002 में विधानसभा का चुनाव चल रहा था। वादी मुकदमा हरीशंकर सिंह उर्फ झिनकू सिंह निवासी आराजी देवारा करखिया थाना रौनापार इस चुनाव में गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय क्रांति पार्टी के प्रत्याशी थे। हरिशंकर सिंह उर्फ झिनकू सिंह 17 फरवरी 2002 को अपने समर्थकों के साथ चुनाव प्रचार कर रहे थे। जब उनका काफिला कुढ़ही ढाला के पास शाम चार बजे पहुंचा तब लगभग एक दर्जन लोगों ने काफिले पर हथियारों और बमों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में राजेश सिंह निवासी पिपरहा थाना बिलरियागंज को हरिशंकर सिंह और विजेंद्र सिंह को बचाने में कई गोलियां लगीं। अस्पताल ले जाते समय राजेश सिंह की मृत्यु हो गई।

## मरीज की मौत पर परिजनों का हंगामा

**आगरा।** आगरा के शहीद नगर स्थित एक हॉस्पिटल में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया। शव को सड़क पर रखकर जाम लगाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रजरई निवासी लखन सिंह (35) के रविवार को पेट दर्द की शिकायत के साथ शहीद नगर स्थित जेके हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। रविवार से सोमवार तक लखन सिंह का इलाज जेके हॉस्पिटल में ही किया गया। सोमवार दोपहर लखन सिंह को दिक्कत बढ़ी। परिजनों का कहना है कि दिक्कत बढ़ने पर जेके हॉस्पिटल प्रशासन ने लखन सिंह को एसएन मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया। परिजन लखन सिंह को एसएन मेडिकल कॉलेज ले जाने की बजाय दूसरे प्राइवेट हॉस्पिटल में ले गए। वहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने लखन सिंह को मृत घोषित कर दिया। परिजन उसे लेकर वापस जेके हॉस्पिटल पहुंच गए। वहां परिजनों ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। शव को हॉस्पिटल के बाहर सड़क पर रखकर जाम लगाया। बहुत देर तक वहां हंगामा करते रहे।

## हापुड़ में भैंस काटने की तैयारी में चार गिरफ्तार

**हापुड़।** हापुड़ देहात पुलिस ने पशु क्रूरता के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार रात हाईवे पर गश्त के दौरान ग्राम सलाई के करीम चौक पर पुलिस ने पांच व्यक्तियों को भैंस काटने की तैयारी करते हुए पकड़ा था। मौके पर भैंस के आगे के पैर लाल रस्सी से बंधे थे और वह तड़प रही थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को दबोच लिया, जबकि एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रफीक पुत्र हनीफ, फैजान पुत्र रफीक, फहद पुत्र रफीक (सभी निवासी मौहल्ला निवाजीपुरा भंडा पट्टी, थाना हापुड़ नगर) और शकील पुत्र असगर (निवासी गली नंबर 6, मौहल्ला मजीदपुरा) के रूप में हुई है। फरार आरोपी का नाम सद्दाम पुत्र तौसीफ बताया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे शहर से भैंस खरीदकर गांव में काटते थे और सद्दाम की दुकान पर मांस बेचते थे। वे कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने मौके से चार मीट चौपर और एक रस्सी बरामद की है। भैंस को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है। इस मामले में धारा 3/11 पशु क्रूरता अधिनियम और 4/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ताइवान की उपराष्ट्रपति ने पहली बार यूरोपीय संघ की संसद में दिया भाषण, चीन ने दे डाली चेतावनी

**ब्रसेल्स , एजेंसी।** ताइवान की उपराष्ट्रपति सियाओ बी खिम ने यूरोपीय संघ की संसद को संबोधित किया। यह ताइवान सरकार के किसी भी शीर्ष नेता का किसी विदेशी संसद में दिया गया पहला भाषण है। यही वजह है कि चीन की सरकार ने इसके प्रति कड़ी नाराजगी जाहिर की है। चीन ने चेतावनी देते हुए यूरोपीय संघ से एक चीन की नीति का पालन करने को कहा है। गौरतलब है कि चीन, ताइवान को अपना हिस्सा मानता है। यूरोपीय संघ भी एक चीन सिद्धांत का समर्थक रहा है, लेकिन अब ताइवान की उपराष्ट्रपति का यूरोपीय संघ की संसद को संबोधित करना एक बड़े बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है।

### अमेरिकी एयरलाइनों ने फिर 1000 से ज्यादा उड़ानें की रद्द

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी एयरलाइनों ने शनिवार को फिर 1,000 से अधिक उड़ानें रद्द कर दीं। यह सरकारी बंद के कारण हवाई यातायात कम करने के संघीय उड्डयन प्रशासन के आदेश का दूसरा दिन था। अब तक देश के कई व्यस्ततम हवाई अड्डों पर मंदी के कारण व्यापक व्यवधान नहीं हुआ है। लेकिन इसने देश के सबसे लंबे संघीय बंद के प्रभाव को और गहरा कर दिया है। उड़ान व्यवधानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ़्लाइटअवेयर के अनुसार, एफएए की मंदी के पहले दो दिनों में 1,000 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुई हैं। शनिवार, जो आमतौर पर धीमी यात्रा का दिन होता है। उत्तरी कैरोलिना के चार्लोट हवाई अड्डे पर सबसे ज्यादा असर पड़ा, जहा दोपहर तक 120 आने और जाने वाली उड़ानें रद्द हो गईं। अटलांटा, शिकागो, डलास, डेनवर और ऑरलैंडो, फ़्लोरिडा के हवाई अड्डे सबसे ज्यादा बाधित रहे। चार्लोट और न्यू जर्सी के नेवार्क में कर्मचारियों की कमी के कारण भी यातायात धीमा रहा।

### इंडोनेशियाई पुलिस ने मस्जिद हमले के संदिग्ध और नफरती समूहों के बीच संबंधों की जांच की तेज

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशियाई पुलिस ने एक हाई स्कूल में मस्जिद पर हमले के 17 वर्षीय संदिग्ध के घर से विस्फोटक पाउडर और लेख जब्त किए हैं। इस हमले में कई छात्र घायल हुए। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पुलिस उसके घृणा फैलाने वाले समूहों से संभावित संबंधों की जांच कर रही है। राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख लिस्टियो सिगिट ने पीड़ितों से मिलने के बाद बताया कि संदिग्ध जकार्ता में शुक्रवार को हुए विस्फोट में घायल हुए 54 लोगों में शामिल था और अभी भी अस्पताल में भर्ती है। संदिग्ध उन दो छात्रों में से एक था, जिनकी विस्फोटों में लगी चोटों की सर्जरी हो रही थी। सिगित ने कहा, 卐संदिग्ध की हालत में सुधार हुआ है, और उम्मीद है कि उसके ठीक होने के बाद उससे पूछताछ करना हमारे लिए आसान हो जाएगा।卐 उन्होंने आगे कहा कि पुलिस के पास अभी केवल एक ही संदिग्ध है।

### स्वीडन में रूसी व्यापार प्रतिनिधिमंडल के विला पर ड्रोन से पेंट और अज्ञात चिपचिपा पदार्थ गिराया

**स्टॉकहोम , एजेंसी।** पुलिस ने बताया कि शनिवार तड़के स्टॉकहोम के बाहर एक द्वीप पर स्थित रूसी व्यापार प्रतिनिधिमंडल के विला के ऊपर से एक ड्रोन उड़ा और उड़ने से पहले इमारत पर पेंट और एक अज्ञात चिपचिपा पदार्थ गिरा दिया। स्टॉकहोम क्षेत्रीय पुलिस की प्रेस सचिव ओला ओस्टरलिंग के अनुसार, किसी को चोट नहीं आई और विला को खाली नहीं कराया गया। ओस्टरलिंग ने बताया कि व्यापार प्रतिनिधिमंडल के कर्मचारियों ने स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 5 :30 बजे ड्रोन को देखा और उससे पेंट और एक अज्ञात पदार्थ से भरा एक कंटेनर गिराया। इसके बाद उन्होंने स्टॉकहोम क्षेत्रीय पुलिस को फोन किया। ओस्टरलिंग ने बताया कि जांचकर्ताओं ने विश्लेषण के लिए पदार्थ के नमूने लिए और तोड़फोड़ व उत्पीड़न का मामला दर्ज किया। अधिकारियों ने ड्रोन नहीं देखा, लेकिन इसे देखने वाले कर्मचारियों से पूछताछ की। यह स्पष्ट नहीं है कि इस घटना के पीछे कौन था।

### यूएई : फहद अल गर्गावी विदेश व्यापार मंत्रालय के अवर सचिव नियुक्त

**दुबई , एजेंसी।** राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने फहद अल गर्गावी को विदेश व्यापार मंत्रालय का अवर सचिव नियुक्त करते हुए एक संघीय आदेश जारी किया है। फहद अल गर्गावी ने मोहम्मद बिन राशिद सेंटर फॉर लीडरशिप डेवलपमेंट से स्नातक की उपाधि प्राप्त की है और कई नेतृत्वकारी पदों पर कार्य किया है। उन्होंने दुबई निवेश विकास एजेंसी (दुबई एफडीआई) के सीईओ, दुबई विदेशी निवेश कार्यालय (डीएफआई) के सीईओ और दुबई चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में व्यापार एवं उद्योग विकास विभाग के सीईओ का पद संभाला है।

# अमेरिका के एतिहासिक दौरे पर पहुंचे अहमद अल शरा, 1946 के बाद किसी सीरियाई राष्ट्रपति का पहला यूएस दौरा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल शरा अमेरिका के दौरे पर पहुंचे हैं। यह दौरा बेहद ऐतिहासिक है क्योंकि साल 1946 के बाद पहली बार कोई सीरियाई राष्ट्रपति अमेरिका के आधिकारिक दौरे पर वॉशिंगटन पहुंचे हैं। सीरियाई राष्ट्रपति का अमेरिका दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब अमेरिका ने सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल शरा का नाम आतंकवादी सूची से एक दिन पहले ही हटाया है।



**सोमवार को होगी ट्रंप से मुलाकात :** सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल शरा वॉशिंगटन में सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। इससे पहले जब मई में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सऊदी अरब का दौरा किया था, उस वक्त सऊदी अरब के रियाद शहर में भी ट्रंप की अहमद अल शरा से मुलाकात हुई थी। सीरिया में अमेरिका के राजदूत टॉम बराक ने उम्मीद जताई कि अहमद अल शरा के इस अमेरिका दौरे पर सीरिया की सरकार, आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाले गुट में शामिल होने के समझौते पर हस्ताक्षर कर सकती है।

**शरा का नाम आतंकवादी सूची से हटा :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका, सीरियाई राजधानी दमिश्क के पास एक सैन्य अड्डा बनाने की योजना बना रहा है। इस सैन्य अड्डे का मकसद मानवीय सहायता के काम में समन्वय बताया जा रहा है। अमेरिका के विदेश विभाग ने पुष्टि की है कि अहमद अल शरा को आतंकवादी सूची से हटा दिया गया है क्योंकि शरा ने सीरिया में लापता अमेरिकियों का पता लगाने और बचे हुए रसायनिक हथियारों को खत्म करने की सहमति दी है। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी अहमद अल शरा पर लगे प्रतिबंधों को हटा लिया था, जिसके बाद शरा ने सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा को भी संबोधित किया। ऐसा करने वाले भी शरा पहले सीरियाई राष्ट्रपति हैं।

**आतंकी संगठन अल कायदा से रहा है जुड़ाव :** अहमद अल शरा के पूर्व के संगठन हयात तहरीर अल-शाम (॥ञ्ञस्) का खूंखार आतंकी संगठन अल-कायदा से जुड़ाव था। यही वजह थी कि अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने शरा का नाम आतंकवादी सूची में डाला हुआ था। हालांकि बाद में शरा सक्रिय राजनीति में उतरे और बीते साल बशर अल असद के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया। सत्ता संभालने के बाद से, शरा और सीरिया के नए नेतृत्व ने खुद को अपने उग्रवादी अतीत से दूर कर सीरियाई लोगों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने एक अधिक उदार छवि पेश करने की कोशिश की है।

**बांग्लादेश में कानून-व्यवस्था दुरुस्त करे सरकारः एनसीपी : ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में अगले वर्ष फरवरी में चुनाव होने हैं लेकिन कानून व्यवस्था की स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है। नए राजनीतिक दल, नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के एक शीर्ष नेता ने अंतरिम सरकार से इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। पार्टी के संयुक्त संयोजक खालिद सैफुल्लाह ने कहा, एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सरकार का कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर बहुत गंभीर होना जरूरी है।

**आतंकवाद के खिलाफ अभियान में तेजी लाएगी नाइजीरियाई सेना : अबुजा, एजेंसी।** नाइजीरिया के नए सेना अध्यक्ष ने देश के उत्तरी हिस्से में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान में तेजी लाने का वादा किया है। यह वादा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस धमकी के बाद किया गया, जिसमें एक नंवबर को उन्होंने कहा था कि अगर नाइजीरिया ने देश में ईसाइयों पर हमले नहीं रोके तो अमेरिकी सेना को इसमें शामिल होना पड़ेगा। सेना अध्यक्ष, लेफ्टिनेंट जनरल वैदी शाइबू नेसैनिकों को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि यह नया अभियान सफल होना ही चाहिए।

**ताइवान के साथ सुरक्षा संबंधों को बढ़ावा दे ईयू : ह्सियाओ : ताइपे, एजेंसी।** ताइवान की उपराष्ट्रपति बी-खिम ह्सियाओ ने यूरोपीय संघ (ईयू) से स्वायत्त द्वीप राष्ट्र के साथ सुरक्षा और व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने व चीन से बढ़ते खतरों के मद्देनजर इसके लोकतंत्र का समर्थन करने का आग्रह किया है। ब्रसेल्स में शुक्रवार को विभिन्न देशों के सांसदों के एक समूह को संबोधित करते हुए ह्सियाओ ने कहा, ताइवान जलडमरूमध्य में शांति वैश्विक स्थिरता और आर्थिक निरंतरता के लिए आवश्यक है।

# पुर्तगाल में मजदूरों का प्रदर्शनः नई श्रम नीतियों के खिलाफ सड़कों पर हजारों लोग, 11 दिसंबर को हड़ताल का एलान



**लिस्बन, एजेंसी।** पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन की सड़कों पर शनिवार को हजारों लोग उतर आए। ये सभी केंद्र-दक्षिणपंथी सरकार की नई श्रम सुधार नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। यह विरोध देश के प्रमुख मजदूर संघ द्वारा आयोजित किया गया था, जिसने सरकार से इन प्रस्तावित सुधारों को तुरंत वापस लेने की मांग की है। यूनियन का कहना है कि ये नीतियां कामगारों के अधिकारों को कमजोर करेंगी और उनके रोजगार को असुरक्षित बनाएंगी।

**न्यूनतम वेतन समेत कई मांग :** सरकार के प्रस्तावित कानूनों में कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की प्रक्रिया आसान करने की बात कही गई है। वहीं, स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए लचीले कार्य समय की अवधि घटाने और गर्भपात के बाद शोक अवकाश कम करने जैसे प्रावधानों को लेकर भी लोगों में नाराजगी है। इस समय पुर्तगाल में न्यूनतम वेतन 870 यूरो (लगभग ?90,000 प्रति माह) है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि इसे 2026 तक बढ़ाकर 1,050 यूरो (लगभग ?1.08 लाख) किया जाए।

**11 दिसंबर को पूरे देश में आम हड़ताल की चेतावनी :** प्रधानमंत्री लुईस मोंटेनेग्रो की अगुवाई वाली डेमोक्रेटिक अलायंस सरकार का कहना है कि ये सुधार देश की उत्पादकता और रोजगार बाजार की लचीलापन बढ़ाने के लिए जरूरी हैं।

हालांकि, विरोधियों का कहना है कि ये सुधार सिर्फ कंपनियों को फायदा पहुंचाएंगे और कामगारों की सुरक्षा को कम करेंगे। प्रदर्शन आयोजकों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने ये प्रस्ताव नहीं हटाए, तो 11 दिसंबर को पूरे देश में आम हड़ताल की जाएगी।

# गाजा में मरने वालों का आंकड़ा 69 हजार के पार


**गाजा , एजेंसी।** गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इस्राइल-हमास युद्ध में अब तक 69 हजार से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। ये आंकड़े ऐसे समय जारी किए गए, जब इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष विराम की शर्तों के तहत शवों का आदान-प्रदान हुआ। इनमें इस्राइल के हमलों में मारे गए फलस्तीनियों के शव और हमास की कैद में मारे गए इस्राइली बंधकों के शव शामिल हैं। इस्राइल ने शनिवार को 15 और फिलिस्तीनियों के शव गाजा को लौटा दिए, जबकि एक दिन पहले ही हमास ने एक इस्राइली बंधक के शव को इस्राइल को लौटाया था। इस्राइल के प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी बयान के अनुसार, शव की पहचान लियोर रुडाएफ के रूप में हुई है। यह आदान-प्रदान संघर्ष विराम के शुरुआती चरण का मुख्य हिस्सा है, जिसके तहत हमास को सभी बंधकों के शव जल्द से जल्द लौटाने होंगे।

**रूस का केए-226 हेलिकॉप्टर जमीन से टकराया, 5 लोगों की मौत : मास्को, एजेंसी।** रूस के दागेस्तान राज्य में 7 नवंबर को एक रूसी केए-226 हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। हेलिकॉप्टर नियंत्रण से बाहर होने के कारण जमीन से टकरा गया। मरने वालों में एक ही इलेक्ट्रो मैकेनिकल प्लांट के 4 कर्मचारी शामिल हैं। कंपनी ने 8 नवंबर को यह जानकारी दी। हादसे का कारण अभी पता नहीं चला है। हेलिकॉप्टर दागेस्तान के अची-सू गांव के पास कैस्पियन सागर क्षेत्र में गिरा।

रूसी सरकारी मीडिया ने पहले बताया था कि यह हेलिकॉप्टर पर्यटकों को ले जा रहा था। केईएमजेड एक रक्षा कंपनी है जो हवाई उपकरण बनाती है। मरने वालों में प्लांट के डिप्टी जनरल डायरेक्टर भी शामिल हैं। हेलिकॉप्टर का फ्लाइट मैकेनिक भी मारा गया। वहीं, दो लोग घायल हुए हैं। केईएमजेड पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगाए हैं क्योंकि यह यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में शामिल है। केए-226 एक ट्विन-इंजन हेलिकॉप्टर है जो 7 यात्रियों को ले जा सकता है।

# फिलीपींस में फंग-वोंग तूफान, 50 हजार परिवार सुरक्षित जगह भेजे गए; सरकार ने किया आपातकाल घोषित

**मनीला, एजेंसी।** फिलीपींस हाल के दिनों प्रकृति के दोहरे प्रकोप से जूझ रहा है। हाल ही में आए टाइफून कल्मेगी में 200 से ज्यादा लोगों की मौत के बाद अब देश पर सुपर टाइफून फंग-वोंग का खतरा मंडरा रहा है। यह इस साल का सबसे शक्तिशाली तूफान बताया जा रहा है, जो रविवार को देश के उत्तर-पूर्वी तटों से टकराने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक, फंग-वोंग की रफ्तार 185 किमी प्रति घंटा तक है, जबकि हवा के झोंके 230 किमी प्रति घंटा तक पहुंच रहे हैं। इसका प्रभाव 1,600 किलोमीटर के दायरे में फैल सकता है यानी यह दक्षिण-पूर्व एशिया के दो-तिहाई हिस्से को प्रभावित कर सकता है।



**देशव्यापी आपात स्थिति घोषित :** सरकार ने देशव्यापी आपात स्थिति घोषित कर दी है। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने लोगों से अपील की है कि वे तुरंत सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। रक्षा मंत्री गिल्बर्टो टियोडोरो जूनियर ने चेतावनी दी कि यह तूफान देश के कई हिस्सों में तबाही मचा सकता है, जिसमें सेबू, औरोरा, इसाबेला और यहां तक कि राजधानी मनीला भी शामिल है। उन्होंने कहा जब बारिश शुरू हो जाएगी या तूफान पूरी तरह आ जाएगा, तब लोगों को बचाना बेहद मुश्किल हो जाएगा। इसलिए अभी निकलना ही सबसे सुरक्षित विकल्प है। अब तक लगभग 50,000 परिवारों को बिकोल क्षेत्र से निकाला गया है, जहां समुद्र किनारे और ज्वालामुखी मायोन के पास भूस्खलन और मडफ्लो का खतरा बना हुआ है। 6,600 यात्री और कर्मचारी बंदरगाहों पर फंसे इस बीच, कई इलाकों में बिजली कटौती, स्कूलों और सरकारी दफ्तरों की बंदी और उड़ानों की रद्दीकरण जैसी आपात स्थितियां घोषित की गई हैं। लगभग 6,600 यात्री और कर्मचारी बंदरगाहों पर फंसे हुए हैं क्योंकि कोस्ट गार्ड ने समुद्र में किसी भी जहाज के जाने पर रोक लगा दी है। फिलीपींस हर साल करीब 20 तूफानों की चपेट में आता है, साथ ही यहां अक्सर भूकंप और ज्वालामुखी विस्फोट भी होते रहते हैं। यह दुनिया के सबसे अधिक आपदा-प्रवण देशों में से एक माना जाता है।

# ब्राजील में तेज हवाओं और भारी बारिश से तबाही-ःइमारतें ढही, सड़कें टूटी, 6 मौतें

**ब्रासीलिया/ मनीला, एजेंसी।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य पराना में शुक्रवार देर रात तेज हवाओं और भारी बारिश के साथ आए तूफान ने भारी तबाही मचाई। राज्य सरकार के अनुसार, इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। सबसे ज्यादा नुकसान रियो बोनिटो डो इगुआकू शहर में हुआ। यहां आधे से अधिक घरों की छतें उड़ गई, कई इमारतें ढह गई, सड़कें बंद हो गई और बिजली की लाइनें टूट गईं। इस हादसे में अब तक 437 लोग घायल हुए हैं। वहीं, लगभग 1000 लोग बेघर हो गए। मौसम विभाग के अनुसार हवा की गति 180 से 250 किलोमीटर प्रति घंटा तक थी। दूसरी ओर फिलीपींस में



रविवार को फंग-वोंग सुपर टाइफून के कारण भारी बारिश, तेज हवाएं चलीं। इसके चलते फिलीपींस के पूर्वी और उत्तरी इलाकों से 1.5 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। यहां ऊंची समुद्री लहरों के लिए चेतावनी जारी कर दी गई है।

**फिलीपींस में तूफान से 300 उड़ानें रद्द :** फिलीपींस के बड़े हिस्से में चेतावनी जारी कर दी गई हैं। जिनमें सिग्नल संख्या 5 (सबसे ऊंची चेतावनी है) दक्षिण-पूर्वी लूजोन में जारी की गई है। इसमें कैटनडुआनस और कैमरिन्स नॉर्टे और कैमरिन्स सुर के तटीय क्षेत्र शामिल हैं। वहीं, मेट्रो मनीला और आसपास के क्षेत्र सिग्नल संख्या 3 के अंदर हैं। तूफान की रफ्तार 185 किमी प्रति घंटा से 230 किमी प्रति घंटा है।

यह रात तक मध्य लुजोन के औरोरा प्रांत में दस्तक दे सकता है। यहां भारी बारिश, तेज हवाएं और समुद्री लहरों का खतरा है। कई इलाकों में बिजली गुल हो चुकी है। 300 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। कुछ दिन पहले ही टाइफून कलमेगी ने फिलीपींस में 204 लोगों की जान ली थी और वियतनाम में 5 की मौत हुई थी। वहां मछली पकड़ने की नावें और कई लॉब्स्टर फार्म तबाह हो गए।

# लापरवाही ने ले ली कई जानें: पुलिस से बचने को भगाई कार, बार में घुसकर भीड़ को रौंदा; चार की मौत, 11 घायल




**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के फ्लोरिडा में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दरअसल यहां एक युवक ने पुलिस से बचने के लिए कार दौड़ाई, लेकिन तेज गति के चलते वह कार पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार बार में घुस गई। कार ने बार में बैठे लोगों को रौंद दिया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हुए हैं।

**पुलिस से बचने के लिए भगाई कार, जिससे हादसा हुआ :** घटना फ्लोरिडा के टेम्पा शहर की है। यह शहर अपनी नाइट लाइफ और पर्यटन के लिए मशहूर है। टेम्पा पुलिस ने बताया कि पुलिस की एक पेट्रोल यूनिट ने देर रात करीब 12.40 बजे एक सेडान कार को खतरनाक तरीके से ड्राइविंग के लिए रोकने की कोशिश की, लेकिन कार सवार ने पुलिस को देखकर स्पीड और बढ़ा दी और वहां से भागने की कोशिश की। जब पुलिस ने कार का पीछा किया तो एक जगह कार सवार गाड़ी पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार अनियंत्रित होकर एक भीड़भाड़ वाले बार में घुस गई। कार की टक्कर से चार लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए।

**आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज :** पुलिस ने बताया कि संदिग्ध की पहचान 22 साल के सिलास सिंपसन के रूप में हुई है। आरोपी कार ड्राइवर घटना से पहले एक अन्य जगह स्ट्रीट रेसिंग करते हुए देखा गया था। जब दोबारा पुलिस ने उसे खतरनाक तरीके से कार चलाते देखा तो उसका पीछा किया। इसी हड़बड़ी में आरोपी कार पर नियंत्रण नहीं रख सका। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में 11 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर हिल्सबोरो काउंटी जेल भेज दिया गया है। आरोपी के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाकर जान लेने, पुलिस से बचकर भागने और चकमा देने के आरोप लगाए गए हैं।

# एक कमरे के किराए के घर से बंगले में शिफ्ट होंगे ममदानी ! मेयर बनते ही जीवन में आया बड़ा बदलाव

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** न्यूयॉर्क के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी अपनी पत्नी रामा दुवाजी के साथ एक कमरे के किराए के मकान में रहते हैं। इस मकान की स्थिति ऐसी है कि उसमें लीकेज के चलते कई बार पानी भर जाता है, लेकिन अब मेयर चुनाव में जीत के साथ ही ममदानी की जिंदगी में बड़ा बदलाव आया है और अब वे किराए के मकान से एक शानदार बंगले में शिफ्ट हो सकते हैं। यह शानदार बंगला न्यूयॉर्क मेयर का आधिकारिक आवास है, जो अपनी लग्जरी, शानदार वास्तुकला के लिए जाना जाता है।

**मेयर के बंगले में शिफ्ट होने पर क्या बोले ममदानी :** न्यूयॉर्क रेडियो के साथ बातचीत में ममदानी ने संकेत दिए थे कि अब उन्हें एक कमरे का मकान छोटा पड़ता है। हालांकि अभी तक ममदानी ने तय नहीं किया है कि वे मेयर के बंगले में शिफ्ट करेंगे या नहीं। न्यूयॉर्क मेयर का आधिकारिक आवास जिसे ग्रेसी मेंशन के नाम से जाना जाता है, वह 11 हजार वर्ग फुट में फैला है, जिनमें खूबसूरत झूमर, शानदार दरवाजे और एक बड़ा सा बगीचा है, जिसमें सेब के पड़े लगे हैं। साथ ही सब्जियां उगाने के लिए भी एक अलग बगीचा है। एक हालिया इंटरव्यू में ममदानी ने कहा कि मुझे अभी नहीं पता कि मैं कहां रहूंगा, लेकिन मुझे इतना पता है कि मैं सिटी हॉल से काम करूंगा।

**हालिया घोषित मेयर चुनाव में जीते ममदानी :** हाल ही में घोषित हुए न्यूयॉर्क मेयर के चुनाव नतीजों में 34 वर्षीय जोहरान ममदानी ने शानदार जीत दर्ज की। जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क के पहले मुस्लिम और पहले भारतीय अमेरिकी मेयर हैं। जोहरान का जन्म युगांडा की राजधानी कंपाला में हुआ था। उनके माता-पिता भारतीय मूल के हैं। जोहरान की मां मीरा नायर एक मशहूर फिल्म निर्माता हैं, जिन्होंने मानसून वेडिंग, द नेमसेक और मिसिसिपी मसाला जैसी



अंतरराष्ट्रीय फिल्मों का निर्देशन किया है। उनके पिता महमूद ममदानी कोलंबिया यूनिवर्सिटी में मानव विज्ञान के प्रोफेसर हैं। राजनीति में जोहरान का असली आगाज 2020 में हुआ, जब वो न्यूयॉर्क विधानसभा के लिए चुने गए। क्वींस के एस्टोरिया इलाके से विधायक बनने के बाद उन्होंने बसों में मुफ्त सफर करने की योजना लागू करवाई और इस्राइल की बस्तियों को समर्थन देने वाले संगठनों पर रोक लगाने का प्रस्ताव भी रखा। यहीं से ममदानी की लोकप्रियता बढ़ती गई। 33 वर्षीय जोहरान का चुनावी एजेंडा प्रगतिशील और वामपंथी है। वह अमीरों पर टैक्स बढ़ाने, सरकारी स्तर पर किराना स्टोर खोलने और प्रवासियों के अधिकारों के लिए लड़ने का वादा कर रहे हैं। हालांकि, इससे कारोबारी वर्ग और रियल एस्टेट लॉबी नाराज है।

## तंजानिया : प्रदर्शनों पर विपक्षियों नेताओं के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**डोडोमा, एजेंसी।** तंजानिया में पिछले महीने विवादित मतदान केंद्रों के आसपास हुए हिंसक प्रदर्शनों को लेकर विपक्षी नेताओं के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं। इनमें चाडेमा की संचार निदेशक ब्रेंडा रुपिया और महासचिव जॉन मन्यिका भी शामिल हैं। इनके अलावा, सैकड़ों लोगों पर देशद्रोह का आरोप लगाया गया है। इस कार्रवाई से पूर्वी अफ्रीकी देश में राजनीतिक तनाव में और बढ़ गया है। चाडेमा, तंजानिया की प्रमुख विपक्षी पार्टी है। इसके नेता टुंडू लिस्सु को कई महीनों की जेल हुई है। उन पर कभी देशद्रोह के आरोप हैं।

# 'हम अभी उस स्थिति में नहीं हैं' : आगामी टी20 विश्व कप पर गौतम गंभीर का बड़ा बयान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के मामले में अभी उस स्थिति में नहीं है जहां वह पहुंचना चाहती है लेकिन उन्होंने इसके साथ ही कहा कि इस मुकाम पर पहुंचने के लिए टीम के पास अभी पर्याप्त समय है।

गंभीर ने 'बीसीसीआई डॉट टीवी' से बातचीत में फिटनेस के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा कि खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस को अगले स्तर पर ले जाने की ज़रूरत है क्योंकि खिताब बचाने की तैयारी भारत घरेलू मैदान पर कर रहा है। उन्होंने कहा, 'यह एक ऐसा ड्रेसिंग रूम है जहां बहुत अधिक पारदर्शिता और ईमानदारी है। हम चाहते हैं कि यह ड्रेसिंग रूम आगे भी ऐसा ही बना रहे।'

उन्होंने कहा, 'फिटनेस के नजरिए से मुझे लगता है कि टी20 विश्व कप से पहले हम अभी उस मुकाम पर नहीं पहुंचे हैं जहां पहुंचना चाहते हैं। यही बात हमने खिलाड़ियों से भी की है। हम पूरी तरह से चुस्त-दुरुस्त रहना चाहते हैं। हम फिट रहना चाहते हैं। हम तेजी से आगे बढ़ना चाहते हैं। भारतीय कोच ने कहा, 'हम जितने ज्यादा फिट होंगे, मानसिक रूप से उतने ही मजबूत होंगे। क्योंकि दबाव वाले मैच और दबाव वाली स्थिति में आप जितने ज्यादा शारीरिक रूप से मजबूत होंगे, मानसिक रूप से भी उतने ही मजबूत होंगे। हमारे पास अभी भी तीन महीने हैं।'

टी20 विश्व कप अगले साल फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। भारत इस प्रतियोगिता का मौजूदा चैंपियन है। गंभीर ने हाल ही में भारत के एशिया कप के विजयी अभियान के दौरान पावरप्ले में जसप्रीत बुमराह से तीन ओवर कराने के पीछे के तर्क पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'बहुत से लोग इस टी20 टीम को एक बेहद आक्रामक बल्लेबाजी टीम के रूप में देखते हैं। मेरे हिसाब से, पहले छह ओवरों में जसप्रीत बुमराह से तीन ओवर गेंदबाजी कराना और भी आक्रामक विकल्प था। हम ऐसी टीम नहीं बनना चाहते जिसकी पहचान सिर्फ आक्रामक बल्लेबाजी क्रम हो। हम एक ऐसी टीम बनना चाहते हैं जो कुल मिलाकर एक आक्रामक टीम के रूप में जानी जाए।'

उन्होंने कहा, 'हम इस विकल्प को आजमा कर परखना चाहते थे कि इससे हमें भविष्य में क्या परिणाम मिल सकते हैं। मुझे लगता है कि एशिया कप में यह हमारे लिए वाकई अच्छा रहा है क्योंकि पावरप्ले में शुरुआती तीन ओवर में उनकी शानदार गेंदबाजी से हम मैच में दबदबा बनाने में कामयाब रहे।' गंभीर ने कहा, 'हमारे पास वरुण (चक्रवर्ती) और कुलदीप (यादव) के रूप में बीच के ओवरों में विकेट लेने वाले दो अच्छे विकल्प हैं। मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही आक्रामक कदम था।'

गंभीर के कोच बनने के बाद से भारत आठवें नंबर तक बल्लेबाजी करना पसंद करता रहा है। मुख्य कोच ने कहा कि यह भी जरूरी है कि टीम के पास सात से आठ गेंदबाजी विकल्प हों और यह तभी संभव है जब शिवम दुबे, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर जैसे ऑलराउंडरों को एकादश में शामिल किया जाए।




उन्होंने कहा, 'टीम में जितने ज्यादा हरफनमौला होंगे, उतना ही अच्छा होगा। यह एक ऐसी चीज है जो महत्वपूर्ण है। कम विकल्पों की तुलना में अधिक विकल्प होना हमेशा बेहतर होता है। इसलिए पहले भी कई बार हमने छह गेंदबाजी विकल्पों के बारे में सोचा है और इस टी20 टीम में हमारे पास सात या आठ गेंदबाजी विकल्प हैं, जो हमेशा महत्वपूर्ण होता है।'

गंभीर ने कहा, 'पिछले कई वर्षों से हम इस बारे में बात करते रहे हैं कि हमारे पास ऐसे खिलाड़ी कैसे हो सकते हैं जो हमें कुछ ओवर गेंदबाजी कर सकें। वह चाहे टी20 मैच हो या 50 ओवर का मैच। अब हम ऐसे खिलाड़ी तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं जो जरूरत पड़ने पर गेंदबाजी और मध्यक्रम या मैच के अलग-अलग चरणों में बल्लेबाजी भी कर सकें। ऐसे में मुझे लगता है कि इस तरह के विकल्प होना हमेशा अच्छा होता है।''

गंभीर ने इसके साथ ही खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का अच्छी तरह से अहसास कराने और उन्हें समझने के लिए उनके सामने मुश्किल चुनौतियों को रखने की बात भी दोहराई। उन्होंने कहा, 'हम खिलाड़ियों के सामने जितना संभव हो सके उतनी कड़ी चुनौती रखते हैं। हमने शुभमन (गिल) के साथ भी यही किया था, जब उन्हें टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया था।' गिल ने कप्तान के रूप में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला में शानदार बल्लेबाजी की। उनकी अगुवाई में भारतीय टीम ने श्रृंखला 2-2 से बराबर की। इस श्रृंखला के सभी मैच रोमांचक रहे और प्रत्येक मैच पांचवें दिन तक खिंचा था।

## धोनी ने प्रशंसक की मोटरसाइकिल के टैंक पर दिया ऑटोग्राफ, प्रशंसक बोला अब मेरी गाड़ी करोड़ों की हुई



**रांची (एजेंसी)।** भारतीय भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को संन्यास लिए काफी समय हो गया है पर अभी भी वह प्रशंसकों के दिलों में छाये हुए हैं। हाल ही में एक प्रशंसक की रॉयल एनफील्ड इंटरसेप्टर 650 पर धोनी ने ऑटोग्राफ दे दिया। इससे उत्साहित ये प्रशंसक बोला की अब मेरी तीन लाख की बाइक तीन करोड़ की हो गयी है।

वीडियो में धोनी इस प्रशंसक की लाल रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल की प्रशंसा करते हैं। इसके बाद वह पेट्रोल टैंक पर अपने ऑटोग्राफ देते हैं। वहीं जाने से पहले उन्होंने प्रशंसक से कहा, 'चला के रिपोर्ट देना।'

प्रशंसक की मोटरसाइकिल पर धोनी के ऑटोग्राफ वाला वीडियो तत्काल ही हिट हो गया। इसे कई हजारों बार देखा गया। धोनी ने भी इस क्लिप पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, 'राइड विद माही?'

धोनी के हस्ताक्षर की कीमत के बारे में बात करते हुए, एक व्यक्ति ने कहा, 'बाइक की कीमत 3 लाख से बढ़कर 30 करोड़ पहुंच गयी है।' धोनी खेल के साथ ही कारों और विशेषकर बाइक्स के खासे शौकीन है। उन्हें आम तौर पर कूल और विंटेज वाहनों की सवारी करते देखा गया है। उनके रांची स्थित घर का गैराज एक से बढ़कर एक वाहनो से भरा पड़ा है।

धोनी अपने करियर के शुरुआती दिनों से ही बाइक्स का कलेक्शन करते रहे हैं। उनके फार्महाउस में एक गैराज आइकॉनिक बाइक्स से भरा पड़ा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 2011 विश्व कप विजेता टीम कप्तान के सुपरबाइक्स के कलेक्शन में कावासाकी निंजा एच2, कॉन्फेडरेट एक्स132 हेलकैट, कावासाकी निंजा जेडएक्स-14आर, हार्ले डेविडसन फैटबॉय, डुकाटी 1098, यामाहा आरडी350, यामाहा राजदूत, सुजुकी शोगुन, यामाहा थंडरकैट, बीएसए गोल्डस्टार, नॉर्टन जुबली 250 और टीवीएस अपाचे आरआर 310 शामिल हैं।

वहीं धोनी को हाल ही में रांची में एक विंटेज रोल्स-रॉयस में घूमते हुए देखा गया था. धोनी खेल से संन्यास के बाद भी आईपीएल खेलते हैं और माना जा रहा है कि वह 2026 सत्र में भी खेलेंगे।

## जुरेल को टेस्ट में नंबर तीन पर मिल सकता है अवसर

### –दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दो शतक लगाकर चर्चाओं में आये



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने भारत ए की ओर से जिस प्रकार दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी की है। उससे उन्हें कोच गौतम गंभीर नंबर तीन पर अवसर दे सकते हैं। भारतीय टीम पिछले काफी समय से तीसरे नंबर पर एक ऐसे बल्लेबाज की तलाश कर रही है जो लंबी पारी खेल सके। इस जगह पर साई सुदर्शन सहित कई खिलाड़ियों को आजमाया गया पर अब तक कोई भी सफल नहीं रहा है। अनुभवी चेतेश्वर पुजारा के बाद से ही इस नंबर पर भारतीय टीम को कोई भी भरोसेमंद बल्लेबाज नहीं मिला है। अब जिस प्रकार से जुरेल ने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दूसरे मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया है। उससे अंदाजा होता है कि वह बड़ी पारी खेलने में सक्षम हैं। दोनों पारियों में दक्षिण अफ्रीका ए के गेंदबाज़ों का समझदारी से सामना किया। पहली पारी में जब भारत ए टीम मुश्किल में आई तो जुरेल ने उसे संभाला। उसके बाद दूसरी पारी में भी शानदार शतक लगाया। शुरुआत से ही जुरेल बेहद संयमित नजर आये।

## 'यहां की खराब एयर क्वालिटी को पचा पाना मुश्किल है', दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर ने जताया दुख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर जॉन्टी रोड्स ने दिल्ली में बढ़ते एयर पॉल्यूशन पर चिंता जताई है। रोड्स ने अपने एक्स अकाउंट (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा, 'आज शाम रांची जाते समय दिल्ली से गुजर रहा था, और हमेशा की तरह यहां की खराब एयर क्वालिटी को पचा पाना मुश्किल है। मैं शुक्रगुजार हूं कि मैं साउथ गोवा के एक छोटे से मछली पकड़ने वाले गांव में रहता हूं।'

क्रिकेट इतिहास के महानतम फील्डरों में से एक माने जाने वाले रोड्स का भारत से गहरा रिश्ता रहा है, जहां वे अब अपने परिवार के साथ गोवा में रहते हैं। उनकी पोस्ट में न सिर्फ उनकी पर्सनल परेशानी बल्कि राजधानी में बिगड़ते पर्यावरण के हालात के बारे में भी चिंता झलकती है जिसमें उन्होंने दिल्ली के घने स्मॉग की तुलना गोवा के साफ-सुथरे, शांत माहौल से की है।




फैंस और फॉलोअर्स ने तुरंत उनकी पोस्ट पर रिएक्ट करते हुए उनके विचारों से सहमति जताई और दिल्ली के गंभीर एयर क्वालिटी संकट से निपटने के लिए सख्त पर्यावरण नीतियों की मांग की। दूसरों ने रोड्स के शहरी भीड़भाड़ से दूर रहने के फैसले की तारीफ की और मछली पकड़ने वाले गांव में एक सिंपल, प्रकृति-आधारित जीवन शैली को पसंद करने के लिए उनकी सराहना की। दिल्ली की एयर क्वालिटी इस सीजन में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। शहर में स्मॉग की मोटी चादर छाई हुई है और तापमान सामान्य से काफी नीचे गिर गया है। जैसे-जैसे पॉल्यूशन का लेवल बिगड़ता गया, सोमवार को माता-पिता और बच्चे इंडिया गेट पर इकट्ठा हुए और सरकार से राजधानी के जहरीले हवा के संकट से निपटने के लिए तुरंत कार्रवाई करने की अपील की। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (CPCB) के डेटा के अनुसार, दिल्ली में सोमवार को इस सीजन की सबसे खराब एयर क्वालिटी दर्ज की गई। सुबह 7 बजे एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 354 था - जिसे 'बहुत खराब' कैटेगरी में रखा गया है - जिससे शहर 'रेड जोन' में आ गया है। यह रविवार के 390 के, त्त्ढ्ढ से सिर्फ मामूली सुधार था, जो भी इसी कैटेगरी में आता था।

## रणजी मैच में विरोध टीम के खिलाड़ियों से बहस करते दिखे थे वैभव, प्रशंसक बोले, विराट की राह पर चल रहे

नई दिल्ली। 14 साल के उभरते हुए क्रिकेट वैभव सूर्यवंशी अपनी शानदार बल्लेबाजी के साथ ही आक्रामक व्यवहार के कारण भी विवादों में घिर गये हैं। पटना में हाल ही में हुए रणजी ट्रॉफी 2025–26 के मैच में वैभव अपनी बल्लेबाजी की जगह पर विकेटकीपर से झगड़े के कारण निशाने पर आ गये हैं। ये मैच बिहार और मेघालय के बीच हुआ था। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। इसमें देखा गया कि वैभव की मेघालय के विकेटकीपर अर्पित भाटेवारा और गेंदबाजों के साथ बहस हो गयी जिस कारण अंपायरों को बीच में आना पड़ा। अंपायरों के हस्तक्षेप और साथी बल्लेबाज के समझाने के बाद ही वैभव वापस क्रीज पर आ गये। वैभव की इस आक्रमकता को देखकर प्रशंसक उनकी तुलना विराट कोहली से करने लगे हैं, उनका मानना है कि ये बल्लेबाज भी विराट के नक्शेकदम पर है। विराट को भी अपने आक्रामक रवैये के लिए जाना जाता है। वह भी विरोधियों के जवाब उन्हीं के अंदाज में देते हैं। कोहली के निडर और आक्रामक रवैये टीम टीम पर काफी प्रभाव पड़ा है। अब अधिकतर खिलाड़ी आक्रामक अंदाज अपनाते हैं। मेघालय के खिलाफ मुकाबले में वैभव ने 93 रन बनाये थे। इस मैच में पहले दो दिन बारिश के कारण खेल नहीं हो पाया था। इस मैच में वैभव ने केवल 33 गेंदों में अर्धशतक लगा दिया था हालांकि वह अपना शतक नहीं पूरा कर पाये।

## मोहम्मद शमी की वापसी की संभावना पड़ सकती है मुश्किल, इग्लैंड में खेलने से किया था इनकार

नई दिल्ली। मोहम्मद शमी ने मौजूदा रणजी ट्रॉफी में 93 ओवर गेंदबाजी कर ली है लेकिन भारत के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक का दोबारा टेस्ट क्रिकेट में खेलना मुश्किल लग रहा है और उनकी वनडे टीम में भी नीली जर्सी पहनने की संभावना कम ही दिख रही है। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने भारत की तरफ से अपना आखिरी मैच इस साल मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था लेकिन उसके बाद से उन्हें किसी भी प्रारूप की टीम में नहीं चुना गया। वह 2023 में वनडे विश्व कप के बाद एड़ी की चोट के कारण लंबे समय तक खेल से बाहर रहे थे। उन्हें इस चोट से निजात पाने के लिए सर्जरी करानी पड़ी थी। वर्तमान समय में भारतीय क्रिकेट जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है उसे देखते हुए ऐसी संभावना नहीं लगती है कि शमी तीनों प्रारूपों में अब तक खेले गए 197 अंतरराष्ट्रीय मैचों में और मैच जोड़ पाएंगे। वह टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों में ही राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में पिछड़ गए हैं क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा और आकाशदीप के रूप में भारत के पास अच्छे विकल्प हैं। ऐसा लगता है कि उनके लिए अब केवल एक दिवसीय क्रिकेट ही बचा है। अगला वनडे विश्व कप 2027 में होगा और तब तक शमी 37 साल के हो जाएंगे। ऐसे में भारतीय टीम एक उम्र दराज तेज गेंदबाज को की टीम में रखने का जोखिम नहीं उठाएगी क्योंकि शमी का करियर चोटों से जुड़ा रहा है, जिसमें घुटने की समस्या भी शामिल है। शमी राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं और उन्होंने खुलकर कहा है कि चयनकर्ताओं ने उनसे कोई बातचीत नहीं की है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र हालांकि ऐसा नहीं मानते हैं।



## बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स में अपनी जगह पक्की करने उतरेंगे लक्ष्य सेन

**कुमामोटो (जापान) (एजेंसी)।** चोट से उबरने के बाद एचएस प्रणॉय एक महीने के अंतराल के बाद मंगलवार से शुरु हो रहे कुमामोटो मास्टर्स जापान 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। वहीं लक्ष्य सेन अच्छा प्रदर्शन कर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स में अपनी जगह पक्की करने मैदान में उतरेंगे।

बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रणॉय आखिरी बार सितंबर में कोरिया ओपन में खेले थे, जहां चोट के कारण मैच से हटने के बाद उन्हें पहले राउंड में ही बाहर होना पड़ा था। 33 साल के प्रणॉय के लिए 2025 का सीजन मुश्किल रहा है। वह अपने 14 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में से किसी में भी दूसरे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए हैं, और इस दौरान उन्हें आठ बार पहले राउंड में ही बाहर होना पड़ा है।



लक्ष्य सेन कुमामोटो मास्टर्स जापान में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे ताकि उन्हें सीज़न के आखिर में होने वाले वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करने में मदद मिल सके। लक्ष्य, सीजन के आखिर में होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाले एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी हैं। कल से शुरु हो रहे टूर्नामेंट में लक्ष्य सेन पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। वहीं प्रणय मलेशिया के जुन हाओ लियोंग के खिलाफ मैदान में उतरेंगे।

आयुष शेट्टी इस साल यूएस ओपन जीतकर बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय हैं, वे भी किरण जॉर्ज और तरुण मन्नेपल्ली के साथ जापान में पुरुष एकल ड्रॉ में हैं। इसके आलवा 17 साल की नैशा कौर भटोये महिला एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं और वह क्वालिफायर से शुरुआत करेंगी। रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ी ही देश की एकमात्र युगल चुनौती पेश करेगी। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूथविका शिवानी गादे का मुकाबला अमेरिका की प्रेस्ली स्मिथ और जेनी गाई की जोड़ी से होगा।

## अतुलदीप को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का ख़िताब




वाराणसी । पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के वाणिज्य विभाग में कार्यरत अतुलदीप ने 01 नवम्बर से 08 नवम्बर,2025 तक नई दिल्ली के शिवाजी स्टेडियम में आयोजित 35वें लाल बहादुर शास्त्री हॉकी टूर्नामेंट में टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। वह भारतीय रेलवे टीम के लिए खेलते हैं, जिसने एयर फ़ोर्स स्पोर्ट्स के खिलाफ रोमांचक मुकाबले के बाद चैंपियनशिप का खिताब जीता है। 35वें लाल बहादुर शास्त्री हॉकी टूर्नामेंट का हाल ही में समापन हुआ, जिसमें एक पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया, जिसमें खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार और युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी पुरस्कार रू.11,000/– का नकद पुरस्कार गुरुग्राम के श्री राज कुमार यादव द्वारा प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम को एसबीआई, अमूल, कृभको, जिंदल पावर और डालमिया जैसे संगठनों द्वारा प्रायोजित किया गया था । इस प्रतियोगिता में वायु सेना हॉकी टीमों सहित बारह टीमों ने भाग लिया था। मंडल रेल प्रबंधक,वाराणसी आशीष जैन एवं मंडलीय अधिकारियों ने अतुल दीप की इस उपलब्धी के लिए बधाई दी है । उल्लेखनीय ही की अतुल दीप विगत नौ वर्षो से भारतीय रेलवे एवं उत्तर प्रदेश की हाकी टीम में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल की तरफ से प्रतिभाग करते हुए लगातार मेडल प्राप्त कर रहे हैं।

## महिला जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा, ज्योति सिंह को मिली कप्तानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने चिली के सैंटियागो में 25 नवंबर से 13 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच महिला जूनियर विश्व कप 2025 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की है। इस टीम की अगुवाई ज्योति सिंह करेंगी, जबकि टीम की कोचिंग की जिम्मेदारी पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तुषार खांडेकर निभाएंगे।

घोषित टीम में 18 मुख्य खिलाड़ी और 2 वैकल्पिक खिलाड़ी शामिल हैं। खांडेकर ने कहा, 'मैं टीम के प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। अनुशासन हमारा मुख्य सिद्धांत है। खिलाड़ियों ने पिछले कुछ महीनों में जबरदस्त मेहनत की है और खेल में उल्लेखनीय सुधार दिखाया है।'

भारत को पूल-सी में रखा गया है और टीम अपना अभियान 1 दिसंबर को नामीबिया के खिलाफ शुरू करेगी। इसके बाद भारत 3 दिसंबर को जर्मनी और 5 दिसंबर को आयरलैंड से भिड़ेगा। पूल की शीर्ष टीमें 7 से 13 दिसंबर के बीच होने वाले नॉकआउट चरण में जगह बनाएंगी।

खांडेकर ने कहा, 'टीम पूरी तरह तैयार और उत्साहित है। लड़कियां विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम

गोलकीपरः निधि, एंगिल हर्षा रानी मिंज

डिफेंडरः मनीषा, लालथनलुआलांगी, साक्षी शुक्ला, पूजा साहू, नंदिनी

मिडफील्डरः साक्षी राणा, इशिका, सुनेलिता टोप्पो, ज्योति सिंह, खैदेम शिलेमा चानू, बिनिमा धान



फॉरवर्डः सोनम, पूर्णिमा यादव, कनिका सिवाच, हिना बानो, सुखवीर कौर

वैकल्पिक खिलाड़ीः प्रियंका यादव, पार्वती टोपनो।

## बाबर आजम सबसे तेजी से 15000 रन बनाने वाले पहले पाकिस्तानी बल्लेबाज बने

### पाक ने तीसरे एकदिवसीय में दक्षिण अफ्रीका को हराया

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 15000 रन पूरे कर लिए हैं। बाबर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में ये उपलब्धि हासिल की है। अब वह 15000 रन बनाने वाले पाक के पांचवें बल्लेबाज बने हैं हालांकि उन्होंने यह आंकड़ा 370 पारियों में ही हासिल कर लिया। अब वह सबसे तेजी से 15000 रन बनाने वाले पहले पाक क्रिकेटर बन गये हैं। इससे पहले इंजमाम–उल–हक, यूनिस खान, मोहम्मद यूसुफ और जावेद मियांदाद ने भी ये आंकड़ा हासिल किया था। बाबर से पहले पाक ही अन्य बल्लेबाजों को इतने रनों तक पहुंचने के लिए 400 से 550 पारियां खेलनी पड़ी थीं। बाबर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में 32 गेंद में 27 रन बनाये। अब तक 329 मैचों में बाबर ने 45.46 की औसत से 15004 रन बनाए हैं, जिसमें 31 शतक और 104 अर्धशतक शामिल हैं, उनका सबसे अधिक स्कोर 196 है। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 37.5 ओवर में ही 143 रन पर आउट हो गयी। पाक की ओर से अबरार अहमद ने 27 रन देकर चार विकेट लिये जबकि शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद नवाज और आगा सलमान ने दो–दो विकेट लिए। इसके बाद पाकिस्तान ने 25.1 ओवर में ही तीन विकेट पर 144 रन बनाकर ये मैच जीत लिया है। वहीं इससे पहले पाक टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में फखर जमान को खाता खोले बिना ही पेवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये बाबर आजम ने सैम अयूब के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 रन बनाये। इसके बाद बाबर 27 रनों पर बदकिस्मती से रन आउट हो गये। ऐसे में मोहम्मद रिजवान ने सैम अयूब के साथ 65 रनों बनकार अपनी टीम को जीत दिलायी। अयूब ने 70 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का लगाते हुए 77 रन बनाये।



## ऋचा घोष के नाम पर बनेगा क्रिकेट स्टेडियम, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने की घोषणा

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट की उभरती सितारा ऋचा घोष को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक ऐतिहासिक घोषणा की है। उन्होंने बताया कि दार्जिलिंग में बनने वाले नए क्रिकेट स्टेडियम का नाम 'ऋचा घोष क्रिकेट स्टेडियम' रखा जाएगा। यह सम्मान 22 वर्षीय सिलीगुड़ी की इस खिलाड़ी को उनके शानदार विश्व कप प्रदर्शन की याद में दिया जा रहा है। ऋचा ने 2025 महिला विश्व कप में भारत को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। यह फैसला न केवल उनकी उपलब्धियों का सम्मान है, बल्कि महिला क्रिकेट को नई ऊंचाई देने का प्रतीक भी बनेगा।

### ममता बनर्जी की घोषणा और भावनात्मक संबोधन

कोलकाता में आयोजित एक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ऋचा घोष की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा, 'ऋचा सिर्फ 22 साल की हैं, लेकिन उन्होंने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। बंगाल सरकार चाहती है कि आने वाली पीढ़ियां उनके संघर्ष और सफलता से प्रेरणा लें।' ममता ने बताया कि दार्जिलिंग में करीब 27 एकड़ जमीन पर एक आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम बनाया जाएगा और इसे ऋचा घोष के नाम समर्पित किया जाएगा। उन्होंने नगर निगम के मेयर को इस परियोजना की विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए हैं।



### सिलीगुड़ी में हीरो की तरह हुआ स्वागत

2 नवंबर को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका पर भारत की 52 रन की ऐतिहासिक जीत के बाद ऋचा जब अपने गृहनगर सिलीगुड़ी लौटीं, तो उनका शानदार स्वागत हुआ। सड़कों पर हजारों प्रशंसकों ने उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (छ्रक्च) के अध्यक्ष सौरव गांगुली भी मौजूद थे, जिन्होंने राज्य सरकार के साथ मिलकर ऋचा को सम्मानित किया। गांगुली और झूलन गोस्वामी ने उन्हें सोने की परत चढ़ा हुआ बैट और बॉल भेंट किया। पश्चिम बंगाल सरकार ने ऋचा को बंगा भूषण पुरस्कार, एक सोने की चेन और डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (ष्ठस्क्क) * के पद से नवाजा, यह उनके योगदान की अद्भुत पहचान है।

### 'भविष्य की भारतीय कप्तान': गांगुली ने की प्रशंसा

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने ऋचा की बल्लेबाज़ी और संयम की तारीफ करते हुए कहा कि वह भारतीय क्रिकेट का भविष्य हैं। गांगुली ने कहा, 'ऋचा में कप्तानी की सभी खूबियां आत्मविश्वास, अनुशासन और निर्णायक मानसिकता हैं। आने वाले समय में वह भारतीय महिला टीम की कप्तान बन सकती हैं।'

### विश्व कप में दमदार प्रदर्शन

ऋचा घोष का 2025 महिला विश्व कप शानदार रहा। उन्होंने अपनी टीम के लिए कई अहम पारियां खेलीं, जिनमें सबसे यादगार थी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 94 रनों की पारी, जब भारत का स्कोर 102 पर छह विकेट था। उनकी बल्लेबाज़ी ने मैच का पासा पलट दिया और भारत को फाइनल की राह पर आगे बढ़ाया।

## डॉलर की मजबूती से रुपया कमजोर, 88.69 प्रति डॉलर पर खुला

**वैश्विक अनिश्चितता के बीच निवेशकों की सतर्कता, रुपये पर दबाव बरकरार**



**मुंबई** अमेरिकी डॉलर की मजबूती और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के चलते सोमवार को शुरुआती कारोबार में भारतीय रुपया चार पैसे गिरकर 88.69 प्रति डॉलर पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 88.64 पर खुला था, लेकिन जल्द ही पिछले बंद स्तर 88.65 की तुलना में नीचे फिसल गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और विदेशी निवेश की सीमित धारणा के कारण रुपये पर दबाव बना हुआ है। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.08 प्रतिशत बढ़कर 99.68 पर पहुंच गया, जिससे डॉलर की मांग और मजबूत हुई। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रही, तो आयात बिल बढ़ने से रुपये में और कमजोरी आ सकती है।

## लेंसकार्ट आईपीओ की फीकी लिस्टिंग, गिरावट के साथ खुला शेयर

**लिस्टिंग प्राइस इश्यू रेट से 3 फीसदी कम, निवेशकों की मांग के बावजूद कमजोर शुरुआत**




**मुंबई** देश की सबसे बड़ी आईवियर रिटेलर कंपनी लेंसकार्ट सॉल्यूशंस लिमिटेड के शेयर सोमवार को शेयर बाजार में लिस्ट हुए, लेकिन उम्मीद के मुताबिक धमाकेदार शुरुआत नहीं कर पाए। कंपनी का शेयर बीएसई पर 390 रुपए और एनएसई पर 395 रुपए के भाव पर लिस्ट हुआ। यह इश्यू प्राइस 402 रुपए प्रति शेयर से क्रमशः 3 और 2 फीसदी की गिरावट पर रहा। लिस्टिंग से पहले ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयर 412 र रुपए के भाव पर कारोबार कर रहे थे, जो इश्यू प्राइस से करीब 10 यानी 2.5 फीसदी का प्रीमियम दिखा रहा था। हालांकि, लिस्टिंग के दिन वास्तविक प्रदर्शन ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) के अनुमान से कमजोर रहा। लेंसकार्ट के 7,278 करोड़ रुपए के आईपीओ को निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। यह इस साल का पांचवां सबसे बड़ा आईपीओ रहा। कंपनी को कुल 30 गुना सब्सक्रिप्श* प्राप्त हुआ और 1.13 लाख करोड़ रुपये की बोलियां आईं। संस्थागत निवेशकों की श्रेणी 40 गुना, उच्च निवल मूल्य वाले निवेशक 18 गुना, जबकि खुदरा निवेशक श्रेणी 7 गुना सब्सक्राइब हुई। कंपनी को कुल 32 लाख आवेदन प्राप्त हुए। इस आईपीओ के जरिए कंपनी ने 2,150 करोड़ रुपए के नए शेयर जारी किए हैं। जुटाई गई पूंजी का उपयोग व्यवसाय विस्तार, तकनीकी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और मार्केटिंग पहल में किया जाएगा। शेष हिस्सेदारी ऑफर फॉर सेल के तहत बेची गई। विश्लेषकों के अनुसार, मजबूत सब्सक्रिप्शन के बावजूद उच्च वैल्यूएशन को लेकर चिंता के कारण शेयर की लिस्टिंग कमजोर रही। हालांकि, लेंसकार्ट का दीर्घकालिक बिजनेस मॉडल मजबूत माना जा रहा है, जिससे आने वाले समय में शेयर में स्थिरता और सुधार की संभावना बनी हुई है।

## कोल इंडिया के शेयर के 440 रुपए तक जाने का है अनुमान

**87.5 करोड़ टन उत्पादन लक्ष्य हासिल करने की तैयारी**

**नई दिल्ली** पिछले एक साल से कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के शेयर दबाव में हैं, लेकिन घरेलू ब्रोकरेज हाउस मोतीलाल ओसवाल इस सरकारी कंपनी पर अब भी बुलिश है। ब्रोकरेज ने कंपनी के शेयर पर खरीदें रेटिंग बरकरार रखते हुए 440 रुपए का टारगेट प्राइस दिया है। दिलचस्प बात यह है कि यही स्तर कोल इंडिया का 52 हफ्तों का उच्चतम स्तर भी है, जो नवंबर 2023 में दर्ज हुआ था। इसी बीच कंपनी के शीर्ष प्रबंधन में बड़ा बदलाव हुआ है। कोयला मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव रहे सनोज कुमार झा ने 1 नवंबर से कोल इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद झा ने कंपनी की प्राथमिकताओं और लक्ष्यों पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। उन्होंने कहा कि कंपनी चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 87.5 करोड़ टन कोयला उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने या उसके करीब पहुंचने की आकांक्षा रखती है।

# एसबीआई सिप स्कीम में 250 में शुरू करें निवेश, लंबी अवधि में बड़ा फंड तैयार

**जन निवेश सिप योजना बच्चों, नए निवेशकों और कम आय वाले लोगों के लिए**

**नई दिल्ली**

आज के समय में सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि बच्चों को बचत और निवेश की आदतें सिखाना भी जरूरी है।

इसके लिए एसबीआई की जन निवेश सिप एक आसान और किफायती विकल्प बन सकती है, जिसमें महीने के सिर्फ 250 रुपए निवेश से लंबी अवधि में बड़ा फंड तैयार किया जा सकता है। आम सिप योजनाओं की तुलना में जने निवेश सिप अनिवेश की शुरुआत बहुत कम राशि से करने की अनुमति देती है। यह योजना बच्चों, नए निवेशकों और कम आय वाले परिवारों के लिए खासतौर पर बनाई गई है। इस योजना में निवेश एसबीआई बैलेंस एडवांटेज फंड में जाता है, जो एक हाइब्रिड फंड है। इसमें पैसा इक्विटी और डेट दोनों में लगाया जाता है। फंड मैनेजर मार्केट की स्थिति के अनुसार तय करते हैं कि पैसा कहाँ और कब लगाना सही रहेगा, जिससे जोखिम कम और रिटर्न संतुलित होता है। निवेश ऑनलाइन एसबीआई योनो एप, एसबीआई म्युचुअल फंड वेबसाइट, पेटीएम या ऑफलाइन बैंक शाखा या एजेंट से किया जा सकता है। निवेश के लिए डेली, वीकली और मंथली विकल्प उपलब्ध हैं। अगर आप हर महीने 250 रुपए निवेश करते हैं, तो 15 साल के बाद कुल निवेश लगभग 45,000 रुपए होगा, और अनुमानित रिटर्न के साथ यह फंड करीब 1.18 लाख रुपये तक पहुंच सकता है। 20 साल में कुल निवेश 60,000 रुपए होने पर, अनुमानित रिटर्न के साथ यह करीब 2.3 लाख रुपये बन सकता है। वहीं अगर आप 30 साल तक निवेश जारी रखते हैं, तो कुल निवेश 90,000 होकर लंबी अवधि में यह फंड करीब 7.7 लाख रुपये तक पहुंच सकता है।

## भारत में ईवी बाजार: विनफास्ट और बीवायडी ने टेस्ला को टक्कर दी

**विनफास्ट ने गुरुग्राम में अपनी 24वीं डीलरशिप खोली**



**मुंबई** फाडा के आंकड़ों के अनुसार सितंबर और अक्टूबर में टेस्ला की रिटेल बिक्री क्रमशः 69 और 40 वाहन रही। वहीं विनफास्ट ने अक्टूबर में 131 कारें बेचीं, जिससे अक्टूबर में टेस्ला से आगे निकल गई। बीवायडी ने इन महीनों में 1,117 वाहन बेचे, जो टेस्ला और विनफास्ट दोनों से अधिक हैं। विनफास्ट ने गुरुग्राम में अपनी 24वीं डीलरशिप खोली है और 2025 के अंत तक इसे 35 तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। टेस्ला के शोरूम फिलहाल सिर्फ मुंबई और दिल्ली में हैं। बीवायडी अभी भारत में स्थानीय उत्पादन शुरू नहीं कर पाई है। विनफास्ट की वीएफ6 की कीमत 16.4 लाख और वीएफ7 20 लाख रुपये से शुरू होती है, जबकि टेस्ला मॉडल वाय की ऑन-रोड कीमत लगभग 60.99 लाख रुपये है। विनफास्ट तमिलनाडु में स्थानीय असेंबली कर रही है, जबकि टेस्ला पूरी तरह से आयातित वाहन बेचती है।

## व्हर्लपूल इंडिया में एडवेंट इंटरनेशनल 31 फीसदी शेयर खरीदेगी




**डील की कुल कीमत मौजूदा बाजार भाव के अनुसार लगभग 9,682.88 करोड़ होगी**

**नई दिल्ली** होम अप्लायंसेज बनाने वाली कंपनी व्हर्लपूल इंडिया बिकने के कगार पर है। अमेरिकी प्राइवेट इक्विटी फर्म एडवेंट इंटरनेशनल कंपनी में 31 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के करीब है। डील की कुल कीमत मौजूदा बाजार भाव के अनुसार 9,682.88 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इसके पूरा होने के बाद व्हर्लपूल कॉर्पोरेशन कंपनी में एक छोटी हिस्सेदारी वाली कंपनी रह जाएगी, जिसके पास कंपनी का एक चौथाई से भी कम हिस्सा होगा। सूत्रों के अनुसार व्हर्लपूल कॉर्पोरेशन लागत कम करने और अमेरिका जैसे उच्च मार्जिन वाले प्रोडक्ट्स जैसे ब्लेंडर और कॉफी मेकर पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रही है। वहीं एडवेंट के लिए यह भारत में अप्लायंसेज सेक्टर में तीसरी बड़ी खरीद होगी। इससे पहले उन्होंने 2015 के बाद क्रॉम्प्टन ग्रीव्स के कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल बिजनेस और यूरेका फोर्ब्स का अधिग्रहण किया है। व्हर्लपूल इंडिया मुख्य रूप से प्रीमियम अप्लायंसेज सेगमेंट में काम करती है, जहां एलजी और सेमसंग की मजबूत पकड़ है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 319, निफ्टी 82 अंक उछला**

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 319.07 अंक बढ़कर 83,535.35 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 82.05 अंक ऊपर आकर 25,574.35 पर बंद हुआ। बाजार में आईटी शेयरों में उछाल से उत्साह का माहौल रहा। निफ्टी आईटी भी 1.63 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। निफ्टी इंडिया डिफेंस 1.45 फीसदी, निफ्टी फार्मा 0.95फीसदी , निफ्टी मेटल 0.55फीसदी उछलकर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर निफ्टी पीएसयू बैंक 0.14 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी 0.19 फीसदी, निफ्टी रियल्टी 0.24 फीसदी टूटकर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, टीसीएस, भारती एयरटेल, एलएंडटी, टाइटन, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, बीईएल के शेयर लाभ में रहे। वहीं ट्रेंट, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, एमएंडएम, एक्सिस बैंक, एसबीआई के शेयर नुकसान में रहे थे।

लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 281.10 अंक बढ़कर 60,124.25 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 62.65 अंक बढ़कर 18,138.60 पर बंद हुआ।

माना जा रहा है कि अमेरिका में शटडाउन खत्म होने की संभावना और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की ओर से दोबारा से खरीदारी शुरू करने के कारण बाजार में सकारात्मक माहौल है। । इसके अलावा दूसरी तिमाही के अच्छे परिणामों के कारण घरेलू बाजारों को समर्थन मिला। इससे पहले आज सुबह बाजार ने मजबूती के साथ शुरुआत की।




वैश्विक बाजारों से मिले मिश्रित संकेतों के बावजूद आईटी, मेटल और फार्मा सेक्टर में हुई खरीदारी ने बाजार को सहारा दिया। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स मामूली गिरावट के साथ 83,198 अंकों पर खुला था, लेकिन जल्दी ही इसमें मजबूती देखने को मिली। सुबह शुरुआत के बाद सेंसेक्स 165 अंक की बढ़त के साथ 83,382 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी-50 सूचकांक भी बढ़त के साथ खुला। यह 25,503 अंकों पर खुलने के बाद 58.80 अंक बढ़कर 25,554 पर कारोबार कर रहा था। वहीं वैश्विक स्तर पर एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख देखा गया। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.9 फीसदी बढ़ा, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 2.5 फीसद ऊपर गया, जबकि हांगकांग का हांग सेंग इंडेक्स 0.33 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को मिश्रित रुख के साथ बंद हुए थे, जहां एसएंडपी 500 में 0.13 फीसदी और डॉव जोन्स में 0.16 फीसदी की बढ़त रही, जबकि टेक आधारित नैस्डैक 0.21 फीसदी नीचे बंद हुआ।

# ट्रंप ने टैरिफ नीति का बचाव किया, विरोधियों को बताया मूर्ख

**ट्रंप ने कहा, टैरिफ नीति की वजह से अमेरिका दुनिया का सबसे अमीर देश बना**

**नई दिल्ली**

अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया के कई देशों पर लगाए गए टैरिफ का बचाव करते हुए इसे अमेरिका की सफलता का प्रमुख कारण बताया।

उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर लिखा कि जो लोग टैरिफ के खिलाफ हैं, वे मूर्ख हैं।

उनका दावा है कि इस नीति की वजह से अमेरिका दुनिया का सबसे अमीर और सम्मानित देश बन गया है।

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका में महंगाई लगभग नहीं है और स्टॉक मार्केट के मूल्य रिकॉर्ड ऊंचाई पर हैं। 401(के) निवेशक भी अब तक के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच चुके हैं।

उन्होंने यह भी दावा किया कि टैरिफ से अमेरिका ट्रिलियन डॉलर कमा रहा है, जिससे देश जल्द ही अपने 37 ट्रिलियन डॉलर कर्ज को चुकाना शुरू कर देगा। इसके अलावा उन्होंने हर नागरिक को कम से कम 2,000 डालर का लाभांश देने की घोषणा की, हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया कि यह भुगतान कैसे किया जाएगा। ट्रंप का कहना है कि टैरिफ के कारण अमेरिका में रिकॉर्ड निवेश हो रहा है और हर जगह नए प्लांट और कारखाने खुल रहे हैं। उनका दावा है कि इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि टैरिफ से आयातित सामान महंगे हो सकते हैं और महंगाई पर असर पड़ सकता है।

स्टॉक मार्केट और निवेश कई अन्य कारकों पर भी निर्भर करते हैं। वहीं, 37 ट्रिलियन डॉलर के कर्ज को केवल टैरिफ से चुकाना व्यवहार में चुनौतीपूर्ण होगा। ट्रंप की यह पोस्ट टैरिफ नीति पर बहस को और तेज कर सकती है, क्योंकि इसके दावे और वास्तविक प्रभाव पर अभी भी विवाद जारी है।

## ओला इलेक्ट्रिक ने विदेशी प्रतिस्पर्धियों के बैटरी नवाचार पर आरोप खारिज किए

**ओला का 4680 भारत सेल पाउच सेल तकनीक से कहीं अधिक उन्नत है**



**नई दिल्ली** ओला इलेक्ट्रिक ने दक्षिण कोरिया की एलजी एनर्जी सॉल्यूशन से तकनीक चोरी करने की खबरों को भ्रामक और निराधार बताते हुए खारिज किया। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि एलजी के एक पूर्व कार्यकारी ने पाउच सेल तकनीक ओला को देने का प्रयास किया। एलजी ने इस स्थिति को भांपकर तुरंत देश के अधिकारियों को सूचित किया। कंपनी ने स्पष्ट किया कि उसका 4680 भारत सेल बेलनाकार और ड्राई इलेक्ट्रोड तकनीक पर आधारित है और पाउच सेल तकनीक से कहीं अधिक उन्नत है। ओला का यह सेल पहले ही व्यावसायिक उत्पादन में है और घरेलू बाजार में प्रमुख कोरियाई कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है।

# जेपी एसोसिएट्स खरीदने की दौड़ में अदाणी सबसे आगे

**नीलामी प्रक्रिया में अदाणी ने हासिल की बढ़त**

**नई दिल्ली**

जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के अधिग्रहण के लिए चल रही दिवाला प्रक्रिया में अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड सबसे ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी बन सकती है। खनन क्षेत्र की बड़ी कंपनी वेदांता ने सितंबर की शुरुआत में 12,505 करोड़ रुपये की बोली लगाकर अदाणी को पीछे छोड़ा था। डालमिया सीमेंट, जिंदल पावर और पीएनसी इन्फ्राटेक ने प्रारंभ में बोली नहीं लगाई। ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) ने सभी बोलीदाताओं की समाधान योजनाओं का मूल्यांकन किया। सीओसी ने अदाणी की योजना को सबसे ऊंचा दर्जा दिया, डालमिया सीमेंट दूसरी और वेदांता तीसरी रैंक पर रही। बैंकों ने सभी प्रस्तावों की व्यवहार्यता और भुगतान शर्तों का विश्लेषण किया।

अदाणी समूह ने दो साल के भीतर भुगतान का प्रस्ताव रखा है, जबकि वेदांता ने पांच साल में किस्तों में भुगतान करने की पेशकश की। डालमिया की योजना यमुना एक्सप्रेसवे मामले पर उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर निर्भर है। सूत्रों के अनुसार, सीओसी अगले दो सप्ताह में समाधान योजना पर मतदान के लिए बैठक कर सकती है। इस प्रक्रिया के बाद ही यह तय होगा




कि जेपीएसएल का अधिग्रहण किस कंपनी द्वारा किया जाएगा। पूर्व प्रवर्तक भी बैंकों के सामने प्रस्ताव पेश कर चुके हैं, लेकिन उनके धन के स्रोत अस्पष्ट हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अदाणी की योजना सबसे तेज़ और प्रभावी समाधान के रूप में सामने आई है, जिससे उनकी अधिग्रहण में बढ़त बन सकती है।

## जियो, एयरटेल और वीआई ने सरकार से की पूरे 6जी स्पेक्ट्रम नीलामी की मांग

**टेलीकॉम कंपनियों ने कहा, हर ऑपरेटर को कम से कम 400 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की जरूरत**

**मुंबई**

रिलायंस जियो, एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया ने सरकार से 6 जीएचजेड फ्रीक्वेंसी बैंड को पूरी तरह मोबाइल नेटवर्क (5जी और भविष्य की 6जी सेवाओं) के लिए नीलामी में देने की मांग की है। कंपनियों का कहना है कि यदि इसे वाई-फाई जैसी लाइसेंस-फ्री सेवाओं के लिए विभाजित किया गया, तो भविष्य की मोबाइल नेटवर्क गुणवत्ता पर असर पड़ेगा। उनका तर्क है कि 6 जीएचजेड बैंड मध्य-बैंड की तरह काम करता है, जो बड़े पैमाने पर कवरेज और तेज़ डेटा ट्रांसमिशन के लिए जरूरी है। टेलीकॉम कंपनियों का कहना है कि हर ऑपरेटर को कम से कम 400 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की जरूरत है, लेकिन वर्तमान में चार ऑपरेटरों के लिए केवल 175 मेगाहर्ट्ज उपलब्ध है। यही वजह है कि कंपनियां इसे अपर्याप्त मान रही है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया है कि पूरा 6 जीएचजेड बैंड एक साथ नीलामी के लिए उपलब्ध होना चाहिए। शेष स्पेक्ट्रम 2030 के आसपास ही उपलब्ध होगा, जब सैटेलाइट सेवाओं द्वारा उपयोग किया जा रहा बैंड खाली हो जाएगा। कंपनियां यह भी चाहती हैं कि स्पेक्ट्रम की वैधता 20 साल से बढ़ाकर 40 साल की जाए, ताकि लंबी अवधि के नेटवर्क निवेश की वापसी सुनिश्चित हो सके। जियो ने कहा



कि भारत में जनसंख्या घनत्व अमेरिका और चीन से कई गुना अधिक है, जिससे नेटवर्क पर लोड भी काफी अधिक रहता है। इसलिए मजबूत और विश्वसनीय मोबाइल नेटवर्क के लिए पर्याप्त स्पेक्ट्रम अनिवार्य है।

## सोने-चांदी की चमक फिर लौटी, कीमतों में जोरदार उछाल




### सोना 1,400 रुपये और चांदी में 3,000 रुपये से ज्यादा की तेजी

**नई दिल्ली**

हफ्ते के पहले दिन सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी देखने को मिली है। अंतरराष्ट्रीय बाजार से मिले सकारात्मक संकेतों और अमेरिका में दिसंबर महीने में एक और रेट कट की उम्मीद के चलते निवेशकों का रुझान फिर से कीमती धातुओं की ओर बढ़ा है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 5 दिसंबर डिलीवरी वाला सोना सोमवार का शुरुआत में 1,427 रुपये की बढ़त के साथ 1,22,494 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा था। पिछले सत्र में यह 1,21,067 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था और सोमवार को 1,21,768 रुपए पर खुला। शुरुआती कारोबार में सोना 1,21,768 के न्यूनतम स्तर से चढ़कर 1,22,498 रुपए तक पहुंच गया।

चांदी की कीमतों में भी बड़ी तेजी दर्ज की गई है। एमसीएक्स पर 5 दिसंबर डिलीवरी वाली चांदी 2,942 रुपए की उछाल के साथ 1,50,660 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही थी। पिछले सत्र में यह 1,47,728 रुपए पर बंद हुई थी और सोमवार को 1,49,540 रुपए पर खुली। शुरुआती कारोबार में चांदी का उच्चतम स्तर 1,50,799 रुपए प्रति किलोग्राम तक गया। अक्टूबर में सोने की कीमत ऑल-टाइम हाई पर पहुंचने के बाद गिरावट आई थी, लेकिन अब फिर तेजी लौटी है। अमेरिका की अर्थव्यवस्था में कमजोरी, जॉब मार्केट में गिरावट और लंबे शटडाउन के कारण उपभोक्ता भावनापर असर पड़ा है। इससे बाजार में यह उम्मीद बढ़ी है कि फेडरल रिज़र्व दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। यही वजह है कि निवेशक एक बार फिर सुरक्षित निवेश विकल्पों में सोना और चांदी की ओर लौट रहे हैं।

## तेल-तिलहन बाजार में मामूली सुधार, पाम-पामोलीन और बिनौला तेल में गिरावट

**सरसों और सोयाबीन में हल्की तेजी, मूंगफली तेल में हल्की बढ़त, एमएसपी से नीचे बिक्री**




**नई दिल्ली**

बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजार में कुछ सुधार के संकेत दिखाई दिए, लेकिन वास्तविक स्थिति अभी भी संतोषजनक नहीं है। सरसों, सोयाबीन और मूंगफली तेल-तिलहन में मामूली बढ़त देखने को मिली, जबकि पाम-पामोलीन और बिनौला तेल के दाम गिरावट पर रहे। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार यह सुधार केवल पिछले सप्ताह की तुलना में मामूली वृद्धि को दर्शाता है, और एमएसपी से नीचे बिकवाली अभी भी जारी है। बीते सप्ताह सरसों दाना 150 रुपये के सुधार के साथ 7,100-7,150 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों दादरी तेल 275 रुपये के सुधार के साथ 14,875 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमश~ 45-45 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः2,485-2,585 रुपये और 2,485-2,620 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः75-75 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः4,550-4,600 रुपये और 4,250-4,350 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। इसी प्रकार सोयाबीन दिल्ली तेल का दाम 100 रुपये के सुधार के साथ 13,300 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन इंदौर तेल का दाम 100 रुपये के सुधार के साथ 13,000 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 75 रुपये के सुधार के साथ 10,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन की कीमतें भी सुधार दर्शाती बंद हुई। मूंगफली तिलहन 50 रुपये के सुधार के साथ 5,900-6,275 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात का थोक दाम 50 रुपये के सुधार के साथ 14,050 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का थोक दाम पांच रुपये के सुधार के साथ 2,290-2,590 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 11 नवंबर 2025
Www.vishalindia.in




# क्या फिर टलेगी प्रभास की 'द राजा साहब' की रिलीज?

प्रभास की 'बाहुबली- द एपिक' इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। यह फिल्म पिछली दोनों बाहुबली का मिश्रित वर्जन है। इस बीच फैंस प्रभास की मच अवेटेड फिल्म 'द राजा साहब' को लेकर भी काफी उत्साहित हैं। फिल्म का एक ट्रेलर रिलीज किया जा चुका है, फिलहाल फिल्म को अगले साल मकर संक्रांति के मौके पर रिलीज किया जाना है। लेकिन इस बीच ऐसी खबरें सामने आ रही थीं कि फिल्म की रिलीज फिर से टल गई है। अब मेकर्स ने खुद सामने आकर इन खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए फिल्म की रिलीज को लेकर सच्चाई बताई है।

## मेकर्स ने चर्चाओं को किया खारिज

पिछले हफ्ते कई मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया कि 'द राजा साहब' की रिलीज संक्रांति से आगे बढ़ा दी जाएगी, क्योंकि पोस्ट-प्रोडक्शन, खासकर वीएफएक्स में उम्मीद से ज्यादा समय लग रहा था। अब खबरों के लगातार फैलने पर मेकर्स ने एक ऑफिशियल बयान जारी कर इन खबरों को खारिज किया है। फिल्म के निर्माता टीजी विश्व प्रसाद ने प्रशंसकों और मीडिया से इस तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने का अनुरोध किया और ये कंफर्म किया कि 'द राजा साहब' संक्रांति 2026 को रिलीज होगी।

## 9 जनवरी 2026 को ही रिलीज होगी फिल्म

मेकर्स की ओर जारी किए गए बयान में कहा गया कि रिबेल स्टार प्रभास की आगामी फिल्म 'द राजा साहब' की रिलीज को लेकर चल रही अटकलों के जवाब में टीम यह स्पष्ट करना चाहती है कि संक्रांति 2026 से फिल्म के रिलीज आगे बढ़ने की सभी खबरें सिर्फ अफवाह हैं। आधिकारिक घोषणा के अनुसार, 'द राजा साहब' 9 जनवरी 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पोस्ट-प्रोडक्शन का काम बिना किसी देरी के तेजी से आगे बढ़ रहा है। फिल्म को दर्शकों तक अच्छे तरीके से पहुंचाने के लिए हर विभाग मिलकर अच्छे से काम कर रहा है। फिल्म को उच्च स्तर पर बनाया जा रहा है। मेकर्स ने अंत में ये भी कंफर्म किया कि जल्द ही फिल्म का प्रमोशन भी शुरू किया जाएगा। 'राजा साहब' एक हॉरर-कमेडी फिल्म है। प्रभास एक लंबे वक्त बाद इस तरह की एंटरटेनर फिल्म में वापसी कर रहे हैं। मारुति द्वारा निर्देशित और लिखित इस फिल्म में प्रभास के अलावा संजय दत्त, मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल, ऋद्धि कुमार और बोमन ईरानी भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसे कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। फैंस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# दिल्ली क्राइम 3 में बड़ी दीदी का रोल कर खुश हैं हुमा कुरैशी

## बताया शूटिंग का अनुभव

धांसू सीरीज 'दिल्ली क्राइम' के तीसरे सीजन का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो चुका है और नेटफ्लिक्स की सीरीज में हुमा कुरैशी ने निगेटिव रोल प्ले किया है। ट्रेलर में हुमा कुरैशी का रोल काफी प्रॉमिसिंग लग रहा है। पहले उन्होंने बेल बॉटम में निगेटिव रोल प्ले किया था, लेकिन अब अपनी एक्टिंग से 'दिल्ली क्राइम 3 सिर्फ देश में ही नहीं, बल्कि विदेश तक अपने काले व्यापार के तार बिछा रही हैं। हुमा ने ट्रेलर लॉन्च के दौरान शूटिंग से जुड़े अपने अनुभव को भी शेयर किया। मंगलवार को दिल्ली क्राइम 3 सीरीज का शानदार ट्रेलर लॉन्च किया गया, जहां हुमा कुरैशी ने सीरीज से जुड़े अपने अनुभव को शेयर किया। हुमा ने मीडिया से अपने कोस्टार शेफाली शाह की तारीफ करते हुए कहा, टीम के सभी लोगों ने बहुत अच्छा काम किया है, मुझे महसूस ही नहीं हुआ कि मैं इस टीम के लिए नई हूं। मेरे लिए इस टीम का हिस्सा बनना गर्व की बात है। उन्होंने आगे कहा कि सेट पर सभी ने मेरा स्वागत किया। बता दें कि हुमा कुरैशी पहली बार सीरीज का हिस्सा बनी हैं। इससे पहले दो सीजन में शेफाली शाह, रसिका दुग्गल, राजेश तैलंग, जया भट्टाचार्य और अनुराग अरोड़ा थे, लेकिन इस बार सयानी गुप्ता और मीता वशिष्ठ भी तीसरे सीजन का हिस्सा बनी हैं। सीरीज के ट्रेलर की बात करें तो सीरीज में भौकाल से ज्यादा सस्पेंस और क्राइम है। हुमा ने सीरीज में बड़ी दीदी का रोल प्ले किया है, जो बच्चियों की तस्करी करती हैं। हुमा गैंग के साथ लड़कियों को नौकरी का बहाना देकर किडनैप करती है और फिर बाहर विदेशों में बेच देती है, लेकिन डीएसपी वर्तिका चतुर्वेदी यानी शैफाली शाह गुत्थी को सुलझाने के लिए टीम का गठन करती हैं और गैंग को पकड़ने की कोशिश करती हैं, लेकिन इस बार क्राइम सिर्फ दिल्ली तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के अलग-अलग राज्यों और विदेश तक फैला है। सीरीज में बड़ी दीदी और पुलिस के बीच चूहे-बिल्ली का खेल देखने को मिल रहा है। ट्रेलर से साफ है कि सीरीज धमाकेदार होने वाली है, लेकिन इसे देखने के लिए फैंस को थोड़ा इंतजार करना होगा क्योंकि सीरीज 13 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



# रानी चटर्जी ने शुरू की अपनी नई फिल्म यूपी वाली-बिहार वाली की शूटिंग

भोजपुरी सिनेमा की क्वीन और अपने बयानों को बेबाकी से रखने वाली एक्ट्रेस रानी चटर्जी सोशल मीडिया की भी रानी हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया के जरिए फैंस को पर्सनल से लेकर प्रोफेशनल लाइफ की जानकारी देती हैं। अब उन्होंने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है। रानी चटर्जी ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की, जिसमें नए सेट पर हुई पूजा-पाठ दिख रही है। पूजा-पाठ के बीच एक फिल्मबोर्ड रखा है, जिसपर लिखा है, यूपी वाली-बिहार वाली। यह एक्ट्रेस की नई फिल्म का नाम है, जिसकी शूटिंग रानी ने शुरू कर दी है। फिल्म में रानी के अलावा और कौन-कौन हैं, इसे लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। इससे पहले रानी ने परिणय सूत्र की शूटिंग पूरी की है और गैंगस्टर इन बिहार में भी दिखने वाली हैं। गैंगस्टर इन बिहार का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, लेकिन अभी तक फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आई है।

रानी चटर्जी की कई बैक-टू-बैक फिल्में यूट्यूब पर रिलीज हो चुकी हैं। यूट्यूब पर रानी की अम्मा, जय मां संतोषी, मायके की टिकट कटा दे पिया, प्रिया ब्यूटी पार्लर, सास बहू चली स्वर्गलोक और चुलगखोर बहुरिया मौजूद हैं। फिल्मों के साथ-साथ रानी अपनी फिटनेस पर भी बराबर ध्यान देती हैं। वे घंटों जिम में पसीना बहाकर अपना वजन कंट्रोल कर रही हैं। रानी ने खुद बताया था कि फिल्मों की शूटिंग में बिजी होने की वजह से वो अपनी फिटनेस पर ध्यान नहीं दे पा रही थी, जिसकी वजह से उनका वजन काफी बढ़ गया।

# द फैमिली मैन सीजन 3 का हिस्सा बनने पर निमरत ने कहा मैंने अपना परिवार चुना है

**द फैमिली मैन सीजन 3 इस महीने के अंत में अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने को तैयार है। निर्माताओं ने शो का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में दर्शकों को इस सीजन की कहानी की एक झलक मिल गई है। ट्रेलर लॉन्च इवेंट में सीरीज के कलाकार मौजूद रहे। इन कलाकारों ने सीरीज का हिस्सा बनने पर अपनी बात रखी है।**


## निमरत ने परिवार को चुना

द फैमिली मैन सीजन 3 का हिस्सा बनने पर निमरत कौर ने कहा कहा जाता है कि आप जन्म लेना नहीं चुन सकते। आप मरना नहीं चुन सकते। आप अपने परिवार को नहीं चुन सकते। लेकिन मैं कह सकती हूं कि मैंने अपना परिवार चुना है।

## सीरीज की स्टारकास्ट

शो में प्रियामणि, शारिब हाशमी, अश्लेषा ठाकुर, वेदांत सिन्हा, श्रेया धनवंतरी और गुल पनाग भी हैं। फैमिली मैन सीजन 3 का प्रीमियर 21 नवंबर 2025 को प्राइम वीडियो पर होगा।

## सीरीज का हिस्सा बनने पर बोले जयदीप अहलावत



ट्रेलर लॉन्च के मौके पर द फैमिली मैन सीजन 3 का हिस्सा बनने पर जयदीप अहलावत ने कहा मैं राज और डीके का बहुत आभारी हूं। इस साल के शुरुआत में उन्होंने हमें पाताल लोक में लिया और साल के आखिर में द फैमिली मैन में। इसमें मनोज वाजपेयी भी हैं।

## जयदीप ने मनोज के पैर छुए

सोशल मीडिया पर ट्रेलर लॉन्च इवेंट का एक वीडियो वायरल है। इसमें जयदीप अहलावत ने मनोज बाजपेयी के पैर छू लिए। फिर मनोज ने उन्हें उठाकर गले लगा लिया। दोनों ने हाथ मिलाया। इसके बाद दोनों ने हंसते हुए पोज दिए।





# मनोज बाजपेयी के साथ हिंदी फिल्म में काम करेंगे राणा दग्गुबाती

**'बाहुबली' फेम अभिनेता व निर्माता राणा दग्गुबाती की प्रोडक्शन कंपनी 'स्पिरिट मीडिया' ने अपनी पांच आगामी फिल्मों की घोषणा कर दी है। सबसे खास बात कि इस लिस्ट में राणा दग्गुबाती के प्रोडक्शन हाउस की पहली हिंदी फिल्म भी शामिल है। इसमें बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी नजर आएंगे।**


## बेन रेखी करेंगे निर्देशन

राणा दग्गुबाती के स्पिरिट मीडिया की पहली हिंदी फिल्म अरविंद अडिगा के लोकप्रिय उपन्यास 'लास्ट मैन इन टावर' का रूपांतरण होगी। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी प्रमुख भूमिका में होंगे। इस फिल्म का निर्देशन अमेरिकी निर्देशक बेन रेखी करेंगे, जिन्होंने पहले आश्रम (2018) और वॉच लिस्ट (2019) का निर्देशन किया था।

## राणा दग्गुबाती ने जताई खुशी

अपने प्रोडक्शन हाउस की पहली हिंदी फिल्म और मनोज बाजपेयी के साथ करने पर राणा दग्गुबाती ने कहा कि मुझे लास्ट मैन इन टावर के रूपांतरण के साथ स्पिरिट के हिंदी प्रोडक्शन की शुरुआत की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। हमारी पहली हिंदी फिल्म के लिए इससे बेहतर टीम नहीं हो सकती थी। कांथा, लास्ट मैन इन टावर का रूपांतरण और अन्य फिल्में जिन्हें हम अलग-अलग क्षमताओं में सहयोग दे रहे हैं, इन सभी ने हमें अलग-अलग क्रिएटिव टीमों निर्देशकों, लेखकों और प्रोड्यूसर्स के साथ काम करने का मौका दिया है।

## मनोज बाजपेयी ने की राणा दग्गुबाती की तारीफ



मनोज बाजपेयी ने फिल्म को लेकर कहा कि राणा दग्गुबाती के स्टूडियो के साथ इसके पीछे उद्देश्य और समर्थन की एक मजबूत भावना है। ईमानदार कहानी कहने में उनका विश्वास फिल्म को वह जगह और आत्मविश्वास देता है, जिसकी वह हकदार है। बेन रेखी के साथ काम करना एक बहुत ही संतोषजनक अनुभव रहा है।

## 14 नवंबर को रिलीज स्पिरिट मीडिया की पहली फिल्म 'कांथा'

मनोज बाजपेयी स्टारर इस हिंदी फिल्म की घोषणा स्पिरिट मीडिया की पहली होम प्रोडक्शन फिल्म 'कांथा' की रिलीज से पहले हुई है। जिसमें दुलकर सलमान होंगे और इसका निर्देशन सेल्वामणि सेल्वराज ने किया है। तमिल पीरियड-ड्रामा थ्रिलर 'कांथा' 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। स्पिरिट मीडिया की लिस्ट में तीन तेलुगु फिल्में भी शामिल हैं। इनमें 'डार्क चॉकलेट', 'साइके सिद्धार्थ' और 'प्रेमंते' भी शामिल हैं।



# रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा फरवरी में करेंगे शादी? उदयपुर में बजेगी शहनाई

**रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा को लेकर हाल ही में सगाई की खबरें आईं। अब दोनों की शादी की तारीख भी चर्चा हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा कथित तौर पर 26 फरवरी, 2026 को उदयपुर में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं।**

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की सगाई की खबरों के बाद अब उनकी शादी की चर्चा तेज हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टॉलीवुड की सबसे चहेती जोड़ियों में से एक रश्मिका और विजय अब से चार महीने बाद शादी के पवित्र बंधन में बंधने जा रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रश्मिका और विजय की शादी करीब चार महीने बाद 26 फरवरी, 2026 को राजस्थान के उदयपुर स्थित एक आलीशान महल में होने की खबर है। हालांकि शादी को लेकर दोनों में से किसी की ओर से कोई ऑफिशियल कन्फर्मेशन नहीं है। वैसे, दोनों की शादी की खबर सुनकर ही फैन्स में इस जोड़ी को लेकर उत्सुकता काफी बढ़ गई है।

## विजय के हैदराबाद वाले घर पर हुई सगाई?

यहां बताते चलें कि दोनों एक्टर्स के करीबी सूत्र ने मीडिया को ये जानकारी दी थी कि उनकी सगाई 3 अक्टूबर, 2025 को विजय के हैदराबाद वाले घर पर हुई। इस समारोह को काफी इंटीमेट और भव्य बताया गया था, जिसमें केवल परिवार के सदस्य और कुछ करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। रश्मिका के अलावा विजय की टीम का बयान हाल ही में अपनी आने वाली फिल्म थामा के एक प्रमोशनल इवेंट के दौरान, रश्मिका से उनकी सगाई की अफवाहों के बारे में पूछा गया। रश्मिका ने शरमाते हुए जवाब दिया, सबको इस बारे में पता है। इससे फैन्स काफी उत्साहित हो गए। इसके साथ ही विजय की और से किसी सूत्र ने ये बताया है कि दोनों अगले साल शादी करने की प्लानिंग कर रहे हैं। इसी के साथ उन्हें लेकर फरवरी में शादी समारोह की अटकलों को बल मिला है।

## दोनों पहली बार कब मिले

बता दें कि रश्मिका और विजय की पहली बार गीता गोविंदम (2018) के सेट पर मिले थे। दोनों की जबरदस्त केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। वहीं इसके बाद डियर कॉमरेड (2019) में वे फिर से साथ आए। इस फिल्म ने जहां उनके ऑन-स्क्रीन रिश्ते को मजबूत किया, वहीं कहते हैं कि उनका ऑफ-स्क्रीन रोमांस की इसी फिल्म से शुरू हुआ। अगर फरवरी में शादी सच में होती है तो ये साल 2026 में होनेवाली बड़ी शादियों में से एक होगी। यहां उदयपुर में होनेवाली शादी में रश्मिका और विजय की साउथ इंडियन जोड़ी और रीति-रिवाजों में राजस्थान की शाही भव्यता का तड़का नजर आएगा।

## रश्मिका की पहले भी हुई थी सगाई

यहां बता दें कि रश्मिका विजय के साथ इस रिश्ते में आगे बढ़ने से पहले एक टूटे हुए रिश्ते का दर्द झेल चुकी हैं। दरअसल रश्मिका की साल 2017 में एक्टर रक्षित शेट्टी से सगाई हुई थी। वहीं अगले साल दोनों की सगाई टूट गई।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in